# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने शनिवार को अपहरण के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफतार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोनबरसा बाबू चौकी इंचार्ज मय हमराह कांस्टेबिल आकाश सिंह, भूपेन्द्र व महिला कांस्टेबिल मीना मिश्रा संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे, कि तभी जानकारी मिली कि मुकदमा अपराध संख्या 226/2022 धारा 363,366 का वांछित अभियुक्त धीरज पुत्र धमदिव निवासी ग्राम बदरा थाना हरपुर - बुदहट कटघर तिराहे पर खड़ा है कहीं जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहा है, मुखबीर के सूचना पर पहुंची पुलिस गिरफतार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

# युवक लापता, पुलिस को दी तहरीर

**गजपुर (एसएनबी)।** गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर निवासी अर्जुन गुप्ता 29वर्ष पिछले,24 सितम्बर से घर से गायब है। परिवारवालों ने काफी खोजबीन के बाद गगहा पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदा अर्जुन के बड़े भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच चौकी प्रभारी गजपुर बलराम पांडेय को सौंप दी है।

# हत्यारोपित की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर।** हत्या के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के उदासीन मंदिर के पास घासीकटरा निवासी आरोपित शैलेंद्र यादव की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि वादिनी श्वेता सिंह तिवारीपुर थाना क्षेत्र के इलाहीबाग की निवासी है। 4 जुलाई 2022 की रात करीब नौ बजे वादिनी के पति रोहित सिंह को मुन्ना कजन मिश्रा व शैलेंद्र यादव के घर ले गए।जहां यह सारे लोग प्रदीप सिंह व कजन मिश्रा के साथ मिलकर वादीनी के पति को गोली मार दिए। इलाज के दौरान वादिनी के पति की मृत्यु हो गई।

# हत्या के जुर्म में सात को उम्रकैद

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा निवासी अभियुक्त रामसुधार,रामाश्रय, रामअधीन,राधे फूलचंद,रामशब्द व रामकेश को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से कहना था कि वादी ज्ञान चंद बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा का निवासी है। घटना 18 मई 1999 के दिन की करीब दो बजे की है। बेलदारों के खेत के पुराने विवाद को लेकर अभियुक्तगण संगठित होकर बंदूक,कट्टा व फरसा से लैश होकर वादी के भाई देवनाथ यादव के घर पर चढ़ आए और ललकारते हुए जान मारने की धमकी दिया।वादी का भाई देवनाथ यादव जान बचाने के लिए घर के दक्षिण भागा तो अभियुक्तों ने उसे गोपाल सिंह के खेत में पकड़ लिया और बंदूक व कट्टा से वादी के भाई की गोली मार कर हत्या कर दी।

# हत्या के जुर्म में सात को आजीवन कारावास

गोरखपुर। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्र ने बांसगांव थानाक्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा निवासी अभियुक्त रामसुधार, रामाश्रय, रामअधीन, राधे फूलचंद, रामशब्द व रामकेश को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष का कहना था कि वादी ज्ञानचंद बांसगांव थानाक्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा का निवासी है। घटना 18 मई 1999 के दिन की करीब दो बजे की है। विवाद को लेकर अभियुक्तगण बंदूक, कट्टा व फरसा से लैश होकर वादी के भाई देवनाथ यादव के घर पर चढ़ आए वादी का भाई देवनाथ यादव जान बचाने के लिए भागा तो वादी के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।

# अनुपस्थित करने पर शिक्षिका ने प्रधानाचार्य को पीटा, केस

गोरखपुर। सहजनवा के कंपोजिट विद्यालय सीहापार में अनुपस्थित करने पर एक शिक्षिका ने प्रभारी प्रधानाध्यापक की पिटाई कर दी।

आरोप है कि शिक्षिका ने बच्चों और शिक्षकों के सामने गाली दी। प्रधानाध्यापक ने शिक्षिका के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी प्रधानाध्यापक सतेंद्र कुमार गौड ने तहरीर में कहा है कि शिक्षिका 2012 से विद्यालय में तैनात है। वह प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अधिकतर विद्यालय में अनुपस्थित रहती है। वर्तमान समय में उपस्थित मानव संपदा के पोर्टल पर आन लाइन लाक किया जाना अनिवार्य है। इस वजह से जब शिक्षिका नहीं आती है तो पोर्टल पर शिक्षिका को अनुपस्थित दिखाया जाता। मेरे द्वारा बीते दिनों जब-जब शिक्षिका अनुपस्थित रही उनको पोर्टल पर अनुपस्थित दिखाया गया। नाराज होकर शनिवार को विद्यालय पहुंची शिक्षिका ने अभद्रता की। झूठा आरोप लगाते हुए उन्होंने बच्चों और शिक्षकों के सामने गाली देने लगी। मना करने पर शिक्षिका ने मेरे ऊपर हाथ छोड़ दिया।

# सड़क किनारे मिली मानसिक विक्षिप्त महिला

सेंवई बाजार। बेलीपार थाना अन्तर्गत महाबीर छपरा के पास एक महिला शनिवार रात में सड़क किनारे सो रही थी।घायल समझकर दो युवकों ने पूछताछ के बाद अपने घर ले गए। ककराखोर निवासी सच्चिदानन्द सिंह पेशे से शिक्षक हैं। शनिवार की रात मित्र नारायण पाण्डेय के साथ गोरखपुर जा रहे थे। कालाबाग मोड़ के पास सड़क किनारे पचास वर्ष की मानसिक विक्षिप्त महिला सोती हुई दिखी। उसे सच्चिदानन्द सिंह अपने घर ककराखोर ले गए।

## सेटेलाइट के जरिए पकड़े गए जंगल डुमरी के कृषक मनोहर

# पराली जलाने पर सम्मान निधि से किसान वंचित

**कार्रवाई**

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** धान की कटाई के बाद पराली जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। बावजूद इसके जिले में पराली जलाई जा रही है।

सेटेलाइट द्वारा दो नवम्बर को भटहट के ग्राम पंचायत जंगल डुमरी नम्बर-एक में पराली जलाए जाने के फोटोग्राफ्स मिले हैं। इस मामले में भू-स्वामी को योजनाओं से वंचित किए जाने का निर्देश दिया गया है। डीएम के निर्देश के बाद पराली जलाए जाने पर निगरानी रखी जा रही है। बीते दो नवम्बर को सेटेलाइट द्वारा ग्रहित पराली जलाने के फोटोग्राफ्स लिए जाने पर जंगल डुमरी-नंबर में मामला सामने आया है।

क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में भू-स्वामी मनोहर द्वारा पराली जलाई गई है। पुष्टि के बाद मनोहर के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दी गई है। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को मनोहर को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिये अपात्र करने एवं कृषि व अन्य विभाग की समस्त योजनाओं के लाभ से वंचित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# धीरे-धीरे जहरीली हो रही आबोहवा, बढ़ रहा प्रदूषण

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पूर्वी यूपी में सर्दी ने दस्तक दे दी है। सूरज ढलने के बाद रात में कोहरा गिर रहा है। हवा की रफ्तार मंद है। इस वजह से हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। हवा में धूल के बारीक कणों का घनत्व लगातार बढ़ रहा है।

महज एक हफ्ते में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई है। एमएमएमयूटी परिसर में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को मापने के लिए स्वचालित मशीन स्थापित किया है। यह मशीन हवा में लगातार एयर क्वालिटी इंडेक्स का आंकलन करती है।

**सीपीसीबी ने जारी किए आंकड़े :** मशीन की रीडिंग को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किया है। इसके मुताबिक दीपावली के बाद हवा में प्रदूषण का स्तर कम हुआ था। 29 अक्तूबर को एक्यूआई 126 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। इसके अगले दिन इसमें तेजी से उछाल हुआ। 30 अक्तूबर को यह 168 पहुंच गया।

**50** फीसदी बढ़ गया प्रदूषण एक हफ्ते में

- 200 के करीब पहुंचा एयर क्वालिटी इंडेक्स

31 अक्तूबर को एक बार फिर इसमें गिरावट हुई। एक्यूआई 118 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। दो नवंबर को यह इस महीने अब तक के उच्चतम शिखर पर रहा है। दो नवंबर को जिले में एक्यूआई 193 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। शुक्रवार को इसमें मामूली गिरावट हुई। शुक्रवार को एक्यूआई 181 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।

# बैंक में व्यापारी से 32 हजार उड़ाए

बड़हलगंज। स्टेट बैंक बड़हलगंज में पैसा गिनने के बहाने टप्पेबाज ने व्यापारी अनमोल वर्मा से 32 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे संदिग्ध टप्पेबाज की तलाश मे लगी हैं। घटना दो बजे की बताई जा रही है। पीड़ित अनमोल वर्मा पुत्र विजय वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्रार्थी अपनी ज्वेलरी की दुकान से एक लाख रुपया लेकर स्टेट बैंक में जमा करने गया था। बैंक के अन्दर व्यापारी से हुई टप्पेबाजी की इस घटना से सराफा व्यापार मंडल ने आक्रोश जताया है।

# मारपीट व दुष्कर्म के मामले में तीन गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : गुलरिहा थाना पुलिस ने मारपीट और दुष्कर्म के मामले में आरोपित सनी कुमार उर्फ सनी देओल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सिकरीगंज थाना पुलिस ने मारपीट के आरोपित भेउसा उर्फ बनकटा टोला बरोंही निवासी रविन्दर कुमार और भरत बेलदार को गिरफ्तार किया है।

# हत्या के सात आरोपितों को आजीवन कारावास

**जासं, गोरखपुर** : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा निवासी अभियुक्त रामसुधार, रामाश्रय, रामअधीन, राधे, फूलचंद, रामशब्द व रामकेश को आजीवन कारावास व जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेश सिंह का कहना था कि वादी ज्ञानचंद बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा का निवासी है। घटना 18 मई 1999 के दिन के करीब दो बजे की है। खेत के पुराने विवाद को लेकर अभियुक्तगण संगठित होकर बंदूक, कट्टा व फरसा के साथ वादी के भाई देवनाथ यादव के घर पर चढ़ आए और ललकारते हुए जान से मारने की धमकी दी। देवनाथ यादव जान बचाने के लिए घर के दक्षिण की ओर भागा। अभियुक्तों ने गोपाल सिंह के खेत में उसे पकड़ लिया और बंदूक व कट्टा से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

# महिला से छेड़खानी आरोपी हिरासत में

**खोराबार।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम घर में घुसकर महिला से छेड़खानी का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि इस मामले में महिला ने देर शाम पुलिस को तहरीर दी है। ब्यूरो

# मकान का ताला तोड़कर चोरी

**बड़हलगंज।** क्षेत्र के छपिया उमरांव गांव में चोरों ने सीताराम शुक्ल के घर का ताला तोड़कर चांदी के जेवर, बर्तन, कपड़ा, दो गैस सिलिंडर, चूल्हा तथा कुछ अन्य कागजात चुरा लिए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# 22 साल बाद हत्याभियुक्तों को आजीवन कारावास

## बांसगांव इलाके में खेत के विवाद में 1999 में हुई थी देवनाथ की हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बांसगांव इलाके में खेत के विवाद में 22 साल पहले हुई हत्या के अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा निवासी अभियुक्त रामसुधार, रामाश्रय, रामअधीन, राधे फूलचंद, रामशब्द और रामकेश को आजीवन कारावास एवं के साथ आर्थिक दंड भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष ने बताया था कि वादी ज्ञान चंद बांसगांव थाना क्षेत्र के हरिहरपुर टोला नोखईपुरा का निवासी है। घटना 18 मई 1999 के दिन की करीब दो बजे की है। खेत के पुराने विवाद में अभियुक्त संगठित होकर बंदूक, कट्टा और फरसा से लैस होकर वादी के भाई देवनाथ यादव के घर पर चढ़ आए और ललकारते हुए जान से मारने की धमकी दी।

बताया कि देवनाथ यादव जान बचाने के लिए घर के दक्षिण भागे तो अभियुक्तों ने उन्हें गोपाल सिंह के खेत में पकड़ लिया और बंदूक व कट्टा से वादी के भाई की गोली मार कर हत्या कर दी। अभियुक्तों ने कोर्ट में जुर्म से इनकार किया और रंजिश में फंसाए जाने की बात कही। न्यायाधीश ने सबूतों के आधार पर जुर्म सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। केस की मॉनिटरिंग सेल की तरफ से लगातार पैरवी की जा रही थी।

### हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गौतम ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के उदासीन मंदिर के पास घासीकटरा निवासी हत्यारोपी शैलेंद्र यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र मिश्र एवं रामप्रकाश सिंह का कहना था कि वादिनी श्वेता सिंह तिवारीपुर क्षेत्र के इलाहीबाग की निवासी हैं। चार जुलाई 2022 की रात करीब नौ बजे वादिनी के पति रोहित सिंह को मुन्ना कजन मिश्रा व शैलेंद्र यादव के घर ले गए, जहां यह सारे लोग प्रदीप सिंह व कजन मिश्रा के साथ मिलकर पति को गोली मार दी। इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। ब्यूरो

## किशोरी का अपहरण करने वाला युवक गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सोनबरसा चौकी इंचार्ज नवनीत सागर ने बताया कि आरोपी युवक धीरेंद्र ग्राम बदरा कटघर का रहने वाला है। उसने 30 अक्तूबर को एक किशोरी का अपहरण कर लिया था। उसके बाद से तलाश में पुलिस की टीम लगी थी। मुखबिर की सूचना पर युवक को कटघर तिराहे (खजनी) से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ब्यूरो

# छेड़खानी और मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

**जंगल कौड़िया।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को बरात के दौरान छेड़खानी और मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी मारपीट और एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीपीगंज इलाके के एक गांव में बरात निकल रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने महिलाओं से छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर प्रधान के पुत्र सिर फोड़ दिया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

सपूर का पिसाई में प्रयोग किये जाने हेतु बनाया गया मसाला ठीक नहीं था।

हि. हुस्तान, 06/11/22

# रामपुर थाने के सिपाही ने किया नेट क्वालीफाई

रामपुर कारखाना। रामपुर कारखाना थाने में तैनात एक सिपाही ने नेट क्वालीफाई किया है। महाराजगंज जनपद के मूल निवासी उमेश कुमार चौधरी डायल 112 में रामपुर कारखाना थाने में तैनात है। शनिवार को यूजीसी में नेट का परीक्षा फल जारी किया। उमेश ने 95% परसेंटाइल प्राप्त किया है। अब उमेश सिपाही की नौकरी छोड़कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनेगा।

राष्ट्रीय सहारा 06/11/22

# डीएम, एसपी ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा रुद्रपुर स्थित परसा जंगल धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उक्त धान क्रय केंद्र पर खरीद वर्ष 2022-23 के अंतर्गत धान बिक्री हेतु आये प्रथम किसान किवई गाँव निवासी राणा प्रताप यादव का स्वागत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने माला पहनाकर किया। जिलाधिकारी ने तौल प्रारंभ होने से पहले पूरे विधि विधान से पूजा भी की।



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

जिलाधिकारी द्वारा किसान से संवाद कर केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, टोकन रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने का निर्देश सम्बन्धित को देते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय करना सुनिश्चित। जिलाधिकारी ने बताया कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों का आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।इसके साथ ही जब किसान धान क्रय केंद्र पर आए तो अपना आधार, आनलाइन पंजीकरण संख्या, बैंक खाता संख्या व खतौनी अवश्य लाएं। इसके अतिरिक्त जिस मोबाइल नंबर से पंजीकरण कराया है, उसका होना भी आवश्यक है। इससे किसानों को अपना धान बिना किसी असुविधा के बेचने में सहूलियत होगी। उन्होंने धान क्रय केन्द्र पर आये हुए किसानों से धान विक्रय आदि की जानकारी प्राप्त की और कहा कि आप सब को केन्द्र पर किसी भी प्रकार की असुविधा हो, तो तत्काल संज्ञान में लायें। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ बीसी गौतम, नायब तहसीलदार करन सिंह समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# औद्योगिक आस्थान उसरा बाजार में पुलिस चौकी का निरीक्षण

**देवरिया** । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने औद्योगिक आस्थान उसरा बाजार में नवस्थापित पुलिस चौकी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां तैनात पुलिसकर्मियों को औद्योगिक आस्थान में स्थापित उद्यमों की सुरक्षा पूरी निष्ठा के साथ करने का निर्देश दिय।

हिन्दुस्तान दि. 06/11/22

# मारपीट व छेड़खानी करने वाले 9 लोगों पर केस दर्ज

- महुआडीह क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है पीड़ित
- एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस

देवरिया, निज संवाददाता। घर में घुस कर तोड़फोड़, मारपीट और छेड़खानी के मामले में महुआडीह पुलिस ने 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घटना 24 अक्तूबर को हुई थी, घटना के बाद पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर महुआडीह पुलिस ने केस दर्ज किया है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने महुआडीह पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 24 अक्तूबर की रात में पड़ोस के लोगों ने पुराने विवाद को लेकर हाथ में हथौड़ा और कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस गए। मनबढ़ ने हथौड़े से मुख्य दरवाजा (चैनल) को तोड़ कर अन्य लोगों को भी अंदर बुला लिया। सभी लोग घर में तोड़ फोड़ करने लगे। घर में मौजूद महिलाओं से मनबढ़ छेड़खानी करने गले। विरोध करने पर घर में मौजूद महिला और पुरुष को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। पीड़ित को हमलवरों ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ित की पतोहू का कपड़ा फाड़ दिया। परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। शोर गुल सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की महुआडीह पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में टाल मटोल किया तो वह एसपी से गुहार लगाए। एसपी ने घायलों को देख कर महुआडीह पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

हिन्दुस्तान दि० 06/11/22

# पशु तस्करों का ट्रक बिहार में हुआ खराब, पशु बरामद

- बिहार सीमा में ट्रक खराब होने के बाद पशु तस्कर हुए फरार
- ट्रक में लदी 21 में 2 गायें निकली मृत, एक बछड़ा हुआ फरार

बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद। जनपद सीमा व करौंदी चौकी पर संचालित थाना बरियारपुर पशु तस्करों को पकड़ने में असफल साबित हो रहा और तस्कर सुरक्षित मार्ग के रुप में प्रयोग कर रहे।

शुक्रवार की रात गोवंशो से भरा ट्रक बरियारपुर थाना पार कर बिहार प्रदेश में 500 मीटर पर हो गया। पशुओं व ट्रक को छोड़ पशु तस्कर हुए फरार। शनिवार सुबह बिजयीपुर पुलिस ने पशुओं सहित ट्रक को पकड़ी। पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए जांच में जुट गई।शुक्रवार की देर रात यूपी से गोवंशो को लेकर एक ट्रक बरियारपुर थाने को पार कर 500 मीटर की दूरी पर बिहार प्रदेश में पंहुचते ही ट्रक का एक्सल टूट गया। गाड़ी खराब होते ही पशु तस्कर अपने को फंसता देख मौके से भाग निकले। गायों की बोलने की आवाज सुन ग्रामीण जुट गए और बिहार के बिजयीपुर पुलिस को सूचना देकर गायों को ट्रक से नीचे उतारने लगे।

हिन्दुस्तान 06/11/22

# छेड़खानी करने वाले पर केस दर्ज

देवरिया। दो चचेरी बहनों को अकेला देख कर मनबढ़ युवक घर में घुस कर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर आस पास के लोग आए तो मनबढ़ फरार हो गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर रामपुरकारखाना पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी और धमकी देने का केस दर्ज किया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि 30 अक्तूबर को अपने रिश्तेदारी में बलिया गई थी। घर में मेरी बेटी और भतीजी थी। घर में दोनों को अकेला देख कर गांव का एक घर में घुस गया। युवक घर में घुस की बेड के नीचे छिप गया। दोनों चचेरी बहने कमरे में सोने के लिए गई तो वह अन्दर से दरवाजा बंद कर दिया और लाईट बुझा दिया। भतीजी का हाथ पकड़ कर मुह दबाकर रेप करने की कोशिश करने लगा।

हिन्दुस्तान दि 06/11/22

# दो लोगों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज

तरकुलवा। किशोरी को भगा ले जाने के मामले में उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए गए तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया है कि 3 नवम्बर के लगभग 6 :30 बजे शाम को। उसकी नाबालिग बेटी को गांव के मुख्तार राव वह उनके घर काम करने वाला एक नौकर सलमान ने नाबालिग बेटी को लेकर भाग गया।

# न्यायालय के निर्देश पर अज्ञात पर केस दर्ज

रुद्रपुर। न्यायालय के निर्देश पर रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज की है। रुद्रपुर नगर के तिवारी टोला वार्ड की रहने वाली सेवरी देवी पत्नी राजू साहनी ने मुकदमा दर्ज करने के लिए न्यायालय में गुहार लगाई थी। आरोप लगाया कि 21 दिसम्बर 2021 को सुबह साढ़े नौ बजे उसके पति राजू साहनी की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी।

हिन्दुस्तान दि 06/11/22

# भूमि बैनामा नहीं करने वाले दो लोगों पर केस

- सदर कोतवाली क्षेत्र के बांस देवरिया का रहने वाला है पीड़ित
- परसिया उर्फ खरजरवा में भूमि बेचने को लिया था 12.50 लाख रुपये

देवरिया, निज संवाददाता। परसिया उर्फ खरजरवा में भूमि बेचने के लिए 12.50 लाख रुपये लेने के बाद भूमि बैनामा नहीं करने वाले दो लोगों पर धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के जलकल रोड, बांस देवरिया मोहल्ला के रहने वाले इरफान अंसारी पुत्र मुहब्बल्ली अंसारी ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने परसिया उर्फ खरजरवा गांव में एक भूमि को बेचने के बारे में बताया। उसने परसिया उर्फ खरजरवा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति से मुलाकात कराया। दोनों लोगों ने एक भूमि को दिखाया। भूमि को 16.30 लाख रुपये में बेचने की बात तय हुई। जिसमें 12.50 लाख रुपये पहले और शेष रुपया बाद में देना था। इरफान अंसारी ने बैंक और नगद कर कुल 12.50 लाख रुपया दोनों के खाते के साथ उनके द्वारा दिए गए दूसरे के खाते में रुपया जमा किया।

रुपये लेने के बाद दोनों लोग भूमि को बैनामा करने से कतरा रहे थे। पीड़ित बार बार भूमि बैनामा करने की बात करता तो दोनों कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देते थे। बार बार के बहाना से परेशान होकर पीड़ित अपना रुपया मांगने लगे। जिस पर दोनों ने रुपये देने से मना कर दिया। दोनों ने युवक से अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने न्यायालय में गुहार लगाई। न्यायालय ने मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित इरफान अंसारी की तहरीर मोहम्मद फिरोज अंसारी पुत्र अनवर अंसारी निवासी नरौली खेम थाना खुखुन्दु और फखरुद्दीन अंसारी पुत्र समसुद्दीन निवासी किशुनपाली थाना बरियारपुर जिला देवरिया हाल मुकाम परसिया उर्फ खरजरवा थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध आईपीसी के तहत मुकमदा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 06/11/22

बरहज-देवरिया मार्ग पर सिवरी गांव के समीप हुआ हादसा, पुरानी कार खरीद घर लौटते समय हुई दुर्घटना

# पेड़ से टकराई कार, स्वर्ण व्यवसायी की मौत

**दुर्घटना**

- हादसे में कार सवार अन्य तीन लोग भी हुए घायल, दो मेडिकल कॉलेज रेफर
- गोरखपुर के बड़हलगंज से पुरानी कार खरीद करूअना तिराहा आ रहे थे

बरहज/करूअना, हिन्दुस्तान टीम। बरहज क्षेत्र के करूअना तिराहे के पास शुक्रवार रात एक अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। घटना में एक स्वर्ण व्यवसाई की मौत हो गई, वहीं, कार सवार अन्य तीन लोग भी घायल हो गए हैं। सभी गोरखपुर के बड़हलगंज से पुरानी कार खरीदकर करूअना तिराहे आ रहे थे। स्वर्ण व्यवसाई के मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

बरहज थाना क्षेत्र स्थित करूअना गांव के रहने वाले अशोक वर्मा के बेटे कृष्णा वर्मा (25) कार खरीदने के लिए शुक्रवार को गोरखपुर के बड़हलगंज गए थे। जो वहां से एक पुरानी स्विफ्ट डिजायर कार खरीद कर देर रात वापस करूअना आ रहे थे। इनके साथ में गांव के ही विकास सिंह (28) पुत्र मैनेजर सिंह और रिश्तेदार शुभम वर्मा (22) पुत्र कमलेश वर्मा निवासी पनिका बाजार देवरिया व छोटू वर्मा (20) पुत्र गिरिजा शंकर वर्मा निवासी प्रयागराज भी थे। उनकी कार बड़हलगंज से वापस लौटते समय करूअना चौराहे से 400 मीटर उत्तर तरफ बरहज-देवरिया मार्ग पर सिवरी गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में कृष्णा वर्मा की मौत हो गई, जबकि विकास सिंह, शुभम वर्मा और छोटू वर्मा घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल देवरिया पहुंचाया गया जहां से शुभम वर्मा व छोटू वर्मा की स्थिति गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



कृष्णा वर्मा (फाइल फोटो)।



पेड़ में फंसी कार और उसके उड़े परखच्चे से हादसे का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## ट्रैक्टर से खींचकर निकाली गई कार

घटना की रात जब ट्रैक्टर से कार को खींचकर बाहर निकाला गया तो घटना स्थल पर मौजूद लोगों का कलेजा दहल उठा। करीब ढाई घंटा गैस कटर से कार को काट दो लोगों की जान बचाई गई। क्षेत्राधिकारी बरहज पवनलाल की देखरेख में लोगों की सहायता से जनरेटर मंगा कर गैस कटर की मदद से कार को काटकर उसमें फंसे 2 लोगों को बाहर निकाला गया। मौके पर बरहज व भलुअनी थाना की फोर्स घंटों जमी रही।

## तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे कृष्णा

स्वर्ण व्यवसायी कृष्णा वर्मा मूल रूप से पैना गांव के निवासी थे। उनके पिता अशोक वर्मा करीब 20 वर्ष पूर्व करूअना तिराहे पर आए और यहीं घर बनवाकर बस गए। कृष्णा वर्मा अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे, जो करूअना चौराहे पर ही स्वर्ण आभूषण की दुकान चलाते थे। बड़े भाई कमलेश वर्मा भैदवा चौराहे पर स्वर्ण आभूषण की दुकान खोल रखे हैं। बेटे की मौत से मां कमलावती देवी बदहवास हैं।

शोक में बंद रहीं करूअना की दुकानें

युवा व्यवसाई की मौत से पूरे करूअना गांव व क्षेत्र के लोग मर्माहत हैं। घटना को लेकर करूअना तिराहे की अधिकांश दुकानें बंद हो गईं। हर कोई इस घटना से दुखी था। माता कमलावती देवी, पिता अशोक वर्मा, बड़ा भाई कमलेश वर्मा, छोटा भाई अखिलेश वर्मा, विवाहिता बड़ी बहन प्रियंका, छोटी बहन दीपमाला व प्रीति का रो रोकर बुरा हाल है।

## सड़क हादसे में फल व्यवसायी की मौत

बरियारपुर। स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हुई मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ गई, जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक मृत घोषित कर दिया।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के गौरकोठी के रहने वाले 32 वर्षीय चंद्रभूषण शर्मा शुक्रवार देर रात अपने साढ़ू सुरेश शर्मा के साथ बाइक से उनके गांव बनकटा थाना मीरे जनपद गोपालगंज बिहार जा रहे थे। बिजयीपुर थाना क्षेत्र के पनरा से बिजयीपुर मार्ग पर पुरैना गांव के मोड़ पर बने स्पीड ब्रेकर पर चंद्रभूषण की बाइक अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर से टकरा गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पा कर मौके पर पहुंचे रिश्तेदार व आस पास के लोग घायलों को लेकर जिला अस्पताल देवरिया पहुंचे, जहां डाक्टरों ने चंद्रभूषण शर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। चंद्रभूषण शर्मा अपने साढ़ू के साथ पटना में फल बेचने का व्यवसाय करते थे। जिसके लिए वह अपने घर से पटना जा रहे थे। घटना की सूचना गांव पहुंचते ही मातम छा गया। पत्नी रंजू देवी, बच्चे रवि ठाकुर व रानी का बुरा हाल है।

हिन्दुस्तान दि. 06/11/22

# युवती के अपहरण मामले में दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

देवरिया। युवती का अपहरण करने वाले दो युवकों के विरुद्ध बरहज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले में आरोपी दोनों युवकों की गिरफ्तार और युवती को बरामद करने में लगी हुई है। बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बरहज पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि दो युवकों ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमन कुमार पुत्र पारस प्रसाद निवासी धवला पंडित थाना बरहज और निरज तिवारी पुत्र दिनेश्वर तिवारीके विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान हिंदी 06/11/22



परसा जंगल क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम, एसपी।

# क्रय केंद्र पर तौल प्रारम्भ होने से पहले डीएम ने किया पूजन

देवरिया, निज संवाददाता। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को रुद्रपुर स्थित परसा जंगल धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तौल प्रारंभ होने से पहले पूरे विधि विधान से पूजा भी की।

उन्होंने किसानों से संवाद कर केंद्र पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, टोकन रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने का निर्देश सम्बन्धित को देते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।इसके साथ ही जब किसान धान क्रय केंद्र पर आए तो अपना आधार, ऑनलाइन पंजीकरण संख्या, बैंक खाता संख्या व खतौनी अवश्य लाएं। इसके अतिरिक्त जिस मोबाइल नंबर से पंजीकरण कराया है, उसका होना भी आवश्यक है। उन्होंने धान क्रय केन्द्र पर आये हुए किसानों से धान विक्रय आदि की जानकारी प्राप्त की और कहा कि केन्द्र पर किसी भी प्रकार की असुविधा हो, तो तत्काल संज्ञान में लाएं। इससे पूर्व क्रय केंद्र पर धान बिक्री हेतु आये प्रथम किसान किवई गाँव निवासी राणा प्रताप यादव का डीएम व एसपी ने माला पहनाकर स्वागत किया।

## डीएम, एसपी ने पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने औद्योगिक आस्थान उसरा बाजार में नवस्थापित पुलिस चौकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तैनात पुलिसकर्मियों को औद्योगिक आस्थान में स्थापित उद्यमों की सुरक्षा निष्ठा पूर्वक करने का निर्देश दिया।

हिन्दुस्तान दि. 06/11/22

# समाधान दिवस में 284 मामलों में से केवल 35 का हुआ निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 284 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से केवल 35 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रुद्रपुर तहसील में लोगों की समस्याओं को सुना। तहसील सदर में कुल 29 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।



रुद्रपुर में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्या सुनते डीएम व एसपी।

रुद्रपुर संवाद के अनुसार: जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 62 प्रकरण आये। इसमें राजस्व विभाग के 40, पुलिस के 09, विकास के 05 व अन्य विभागों से 08 मामले थे। 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निराकरण इस तरह होना चाहिए, जिससे फरियादी संतुष्ट हो। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम रुद्रपुर ध्रुव शुक्ला, सीओ जिलाजीत, तहसीलदार, डीडीओ कृष्णकांत राय आदि मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाद के अनुसार: मुख्य राजस्व अधिकारी अमृतलाल बिंद की की देख रेख में संपूर्ण समाधान कुल 77 शिकायती पत्र आए। राजस्व विभाग के 7 मामलों का निस्तारण किया। मुख्य राजस्व अधिकारी ने लंबित मामलों के निस्तारण के लिए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, तहसीलदार चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

सलेमपुर संवाद के अनुसार: तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्याओं को मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद ने सुना। यहां आए 95 मामलों में केवल 9 का ही मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान एसडीएम अरुण कुमार, सीओ देव आनन्द, तहसीलदार मिश्री सिंह चौहान, नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी सिंह, बीडीओ आनन्द प्रकाश, ईओ पंकज कुमार, राजन नाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

बरहज संवाद के अनुसार: मुख्य विकास अधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें राजस्व-12, पुलिस-पांच, विकास-दो व अन्य विभाग के दो मामले रहे। मौके पर पुलिस के एक मामले का निस्तारण किया गया। यहां उप जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार, सीओ पंचम लाल, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि. 06/11/22

# डीएम ने क्रय केंद्र का निरीक्षण कर जाना हाल

## किसानों से बोले, कोई असुविधा हो तो मुझे अवगत कराएं, धान बिक्री करने में नहीं होगी कोई परेशानी

जासं, देवरिया: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा शनिवार को रुद्रपुर स्थित परसा जंगल धान क्रय केंद्र पहुंचकर हाल जाना। क्रय केंद्र पर धान बेचने के लिए आए पहले किसान किवई गांव के रहने वाले राणा प्रताप यादव का माला पहनाकर डीएम व एसपी ने स्वागत किया। डीएम ने तौल शुरू होने से पहले पूरे विधि विधान से पूजा भी की।



धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

डीएम ने किसानों से संवाद कर केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, टोकन रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान क्रय करना सुनिश्चित करें। धान क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों का आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। इसके साथ ही जब किसान धान क्रय केंद्र पर आए तो अपना आधार, आनलाइन पंजीकरण संख्या, बैंक खाता संख्या व खतौनी अवश्य लाएं। इसके अतिरिक्त जिस मोबाइल नंबर से पंजीकरण कराया गया है। उसका होना भी आवश्यक है। इससे किसानों को अपना धान बिना किसी असुविधा के बेचने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी को केंद्र पर किसी भी प्रकार की असुविधा हो, तो तत्काल संज्ञान में लाएं। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ बीसी गौतम, नायब तहसीलदार करन सिंह समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

**पुलिस चौकी का लिया जायजा:** डीएम एवं एसपी ने औद्योगिक क्षेत्र उसरा बाजार में स्थापित पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। पुलिस चौकी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वहां तैनात पुलिसकर्मियों को औद्योगिक आस्थान में स्थापित उद्यमों की सुरक्षा पूरी निष्ठा के साथ करने का निर्देश दिया।

## निर्माण कार्य में मिली खामियां, जांच के निर्देश

जासं, देवरिया: रुद्रपुर तहसील के पकड़ी बाजार में आइटीआइ के निर्माण कार्यों का डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण में गुणवत्ता की कमी मिलने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही मंडलीय तकनीकी लेखा परीक्षा समिति से जांच कराने का निर्देश दिया है।

दोपहर बाद वह राजकीय आइटीआइ का निरीक्षण करने पहुंचे। त्वरित आर्थिक विकास योजना के 10.16 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य 23 अप्रैल 2020 से यह कार्य शुरू हुआ है। 19 अप्रैल 2021 तक इस कार्य को पूरा होना था, लेकिन आज तक 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण स्थल पर कोई बोर्ड भी नहीं लगा था। भवन की ईंट की जुड़ाई भी प्रथम दृष्टया ठीक नहीं पाई गई। बीम व शटरिंग में भी गड़बड़ी दिखी। ईंट की गुणवत्ता काफी खराब मिली। मानक विहीन निर्माण पर लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को उन्होंने फटकार लगाई। निर्माण कार्य में विलंब एवं गुणवत्ता की जांच के लिए मंडलीय टीएसी से जांच कराने का निर्देश दिया।

**गड्ढामुक्ति कार्य की देखी हकीकत:** डीएम व देवरिया-रुद्रपुर-कप्तानगंज मार्ग पर बैरियाघाट चौराहा पर हुए गड्ढामुक्ति कार्य का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता आरके सिंह को निर्धारित अवधि के भीतर सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का निर्देश दिया।

दै० जागरण 06/11/22

# पशु तस्कर फरार, ट्रक में लदे थे 21 गोवंश

**जासं, करौंदी बाजार:** गोवंश को लादकर ले जा रहा ट्रक शुक्रवार की रात में खराब हो गया। तस्कर ट्रक छोड़कर फरार हो गए। गोपालगंज जनपद के विजयीपुर पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की। गोवंश लदा ट्रक बरियारपुर थाने के रास्ते गोपालगंज जनपद की सीमा में घुसते ही खराब हो गया। बिहार पुलिस ने 19 घायल गोवंश को ग्रामीणों के संरक्षण में दिया गया। दो गायें मृत पाई गई। जिन्हें दफन किया गया। विजयीपुर थानाध्यक्ष नागेंद्र साहनी ने बताया कि ट्रक में 21 गोवंश लदे थे। जिसमें दो गायों की मृत्यु हो गई।

दैनिक जागरण दि. 06/11/22



सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियाद सुनते एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (बाएं) तहसीलदार आनंद नायक (दाएं) ● जागरण

# राजस्व और पुलिस के आए सर्वाधिक मामले, मिली निराशा

## संपूर्ण समाधान दिवस

- कुल 284 में राजस्व के 160 व पुलिस के 63 मामले आए
- डीएम व एसपी ने रुद्रपुर में सुनी फरियाद, 35 मामलों का निस्तारण

जासं, देवरिया: जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस के मामले छाए रहे। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर में फरियाद सुनी। सभी तहसीलों में आए कुल 284 मामलों में राजस्व के सर्वाधिक 160 व पुलिस के 63 मामले आए। जबकि अन्य विभागों से जुड़े केवल 23 मामले आए। मौके पर अधिकारियों ने महज 35 मामलों का निस्तारण किया। लोगों को संपूर्ण समाधान दिवस में निराशा हाथ लगी।

सदर तहसील में एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी व तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने फरियाद सुनी। कुल 29 मामलों में राजस्व 10, पुलिस 12, विकास एक व अन्य छह मामले आए। चार मामलों का निस्तारण किया गया। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में डीएम ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों का समाधान मौके पर जाकर करें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भभौली में कम राशन देने का मामला सामने पर एसडीएम को जांचकर कार्रवाई का निर्देश दिया। कुल 62 में राजस्व के 14 मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व के 40, पुलिस के नौ, विकास के पांच व अन्य आठ मामले आए। इस दौरान एसडीएम ध्रुव शुक्ला, डा. दिनेश यादव, जया राय, उपेंद्र मिश्र, नवीन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 77 मामले आए, जिसमें राजस्व विभाग के सात मामलों का मौके पर निस्तारण किया दिया। राजस्व विभाग के सर्वाधिक 37, पुलिस के 24 व शेष अन्य विभागों के मामले शामिल रहे। एसडीएम संजीव उपाध्याय, तहसीलदार चंद्रशेखर, चंद्रचुड़ तिवारी आदि मौजूद रहे।

बरहज संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में सीडीओ रवींद्र कुमार ने फरियाद सुनी। कुल 21 मामलों में राजस्व 12, पुलिस पांच, विकास दो, शिक्षा एक व अन्य दो मामले आए। पुलिस से जुड़े एक मामले का निस्तारण किया गया।

# चार पुलिसकर्मियों समेत पांच में डेंगू के लक्षण, मची खलबली

जासं, देवरिया: जनपद में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। कोतवाली के चार पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। इसको लेकर खलबली मची है। प्रभारी निरीक्षक की सूचना पर नगर पालिका कर्मियों ने छिड़काव आदि निरोधात्मक कार्य किया। उधर, एक अन्य रोगी को गंभीरावस्था में महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। जिसका उपचार चल रहा है।

कोतवाली व गरुलपार पुलिस चौकी में तैनात कई पुलिस कर्मी बुखार से पीड़ित बताए जा रहे हैं। निजी चिकित्सकों को दिखाने के बाद जांच कराया तो चार पुलिस कर्मियों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। चारो पुलिस कर्मियों का प्लेटलेट्स काफी कम हो गया है। उन्हें कमजोरी महसूस हो रही है। बुखार भी नहीं छोड़ रहा है। उधर एक 30 वर्षीय युवक में डेंगू का लक्षण मिलने पर उसे मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है। प्रभारी सीएमओ डा. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिस रोगी में भी डेंगू की संभावना दिख रही है। वहां निरोधात्मक कार्य कराया जा रहा है।

दैनिक जागरण दि. 6/11/22

# लाठी से पीटकर बुजुर्ग की हत्या

## गौरीबाजार थानाक्षेत्र के मठिया माफी गांव का मामला, मुकदमा दर्ज

- मोबाइल नहीं देने पर आरोपित ने दिया वारदात को अंजाम
- घटना के बाद आरोपित फरार, तलाश में दबिश दे रही पुलिस

जासं, इंदुपुर, देवरिया: बुजुर्ग की मामूली विवाद में युवक ने शुक्रवार की देर शाम लाठी से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई खुशुबुद्दीन की तहरीर पर आरोपित युवक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। घटना के बाद आरोपित फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

गौरीबाजार थानाक्षेत्र के ग्राम मठिया माफी के रहने वाले 70 वर्षीय मसरूद्दीन दर्जी का काम करते थे। वह देर शाम लबकनी मोड़ के समीप अपनी सिलाई की दुकान में कपड़े की सिलाई कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, उसी समय मठिया माफी गांव का रहने वाला शिवा यादव उर्फ शिब्बू नशे की हालत में उनकी दुकान पर पहुंचा और किसी से बात करने के लिए मसरूद्दीन से मोबाइल मांगने लगा। दर्जी ने मोबाइल देने से मना कर दिया। यह बात युवक को नागवार लगी। उसने अपशब्दों का प्रयोग किया। इसको लेकर पहले नोकझोंक होने लगी। युवक दुकान के बगल से कहीं से लाठी लेकर आया और बुजुर्ग दर्जी की पिटाई करने लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पर स्वजन दुकान पर पहुंचे तो वह जमीन पर बेहोश पड़े थे। स्वजन उपचार के लिए सीएचसी ले गये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के एक पुत्र अजहरुदीन मुंबई में रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक गौरीबाजार नवीन सिंह ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



मसरूद्दीन • फाइल फोटो

**हत्या के बाद गांव में तनाव:** बुजुर्ग की हत्या के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क रही। बुजुर्ग का शव गांव पहुंचने पर माहौल गरम होने लगा, लेकिन गांव के कुछ संभ्रांत लोगों की पहल से मामला बिगड़ने से बच गया। बुजुर्ग को कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही।

अमर उजाला दि. 06/11/22

# चार पुलिसकर्मियों समेत पांच में मिले डेंगू के लक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। डेंगू कोतवाली परिसर में भी पांव पसार रहा है। कोतवाली में तैनात चार पुलिसकर्मियों में डेंगू के लक्षण मिले हैं। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति भी इसकी चपेट में है।

नगर पालिका ने शनिवार की शाम कोतवाली परिसर तथा आवासीय परिसर में छिड़काव व फॉगिंग कराया गया।

सदर कोतवाली में तैनात चार पुलिस कर्मी बुखार की चपेट में हैं। संभावित लक्षण मिलने पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।

पीड़ितों का इलाज चल रहा है। इसके बाद नगर पालिका को परिसर में छिड़काव के लिए पत्र भेजा गया।

उधर, डेंगू का एक संदिग्ध मरीज मिला है। उसे मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच के लिए खून का नमूना भेजा गया है। अस्पताल में इस समय डेंगू के संदिग्ध तीन मरीजों का इलाज चल रहा है।

## एक मरीज को आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर डॉक्टरों ने शुरू किया इलाज

जनपद में डेंगू फैल रह है। शहर के अलग-अलग मोहल्लों में मरीज मिल रहे हैं। गैर जिले तथा दूसरे प्रांत से आने वाले लोग डेंगू पीड़ित मिल रहे हैं। शहर के एक मोहल्ले का युवक रविवार शाम व सोमवार सुबह छठ घाट पर गया था। इसके बाद बुखार से पीड़ित हो गया। दर्द व उल्टी होने लगा। दुकान से दवा ली, लेकिन आराम नहीं मिला।

अस्पताल इलाज कराने पहुंचा। शनिवार को उसे आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट कर इलाज शुरू कर दिया गया। इसके अलावा आइसोलेशन वार्ड में पहले से भर्ती अन्य दो मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल में व्यवस्था है। आइसोलेशन वार्ड के अलावा अतिरिक्त वार्ड बनाया गया है।

अमर उजाला दि० 06/11/22

# सड़क हादसे में स्वर्ण व्यवसायी की मौत

## करुअना स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, तीन लोग घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

करुअना। बरहज-देवरिया मार्ग पर शुक्रवार देर शाम सड़क हादसे में कार सवार स्वर्ण व्यवसायी की मौत हो गई। उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए।



कृष्णा (फाइल फोटो)

पैना निवासी काशीनाथ वर्मा करुअना चौराहे के पास मकान बनवाकर रहते हैं। यहीं उनकी सोने-चांदी की दुकान है। उनका पौत्र कृष्णा वर्मा (23) पुत्र अशोक वर्मा भी पिता व बाबा के कारोबार में हाथ बंटाता था।

वह स्थानीय चौराहा निवासी विकास सिंह (27) पुत्र मैनेजर सिंह व परिवार के छोटू वर्मा (19) और रिश्तेदार शुभम वर्मा (22) पुत्र कमलेश वर्मा के साथ कार खरीदने गोरखपुर गया था।

देर शाम घर आ रहे थे। करुअना के पास पेट्रोल पंप के समीप सामने से बाइक आ गई। उसे बचाने में कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई।

सूचना पर बरहज और भलुअनी थाने की पुलिस भी पहुंच गई। कटर से कार को काटकर लोगों को निकाला गया, लेकिन कृष्णा की मौत हो गई थी।



घायलों से निकालने के लिए कटर से कार को काटते लोग। संवाद

### घर बिना बताए कार खरीदने गया था कृष्णा

पैना गांव निवासी कृष्णा वर्मा पढ़ाई करने के साथ सर्राफा की दुकान पर बाबा और पिता का सहयोग करते थे। वह तीन भाई भोला, प्रांशु में दूसरे नंबर का था। लोगों के अनुसार कृष्णा घर पर किसी को बिना बताए कार खरीदने गोरखपुर के महरौली-डंवरपार गया था। वह माता-पिता को सरप्राइज देना चाहता था। जहां से वह कार लेकर गांव आ रहा था, लेकिन उसे क्या पता था कि उसके मेहनत की कमाई से खरीदी गई कार उसके मौत का कारण बनेगी।

अमर उजाला दि. 06/11/22

# जमीन के विवाद में मारपीट 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरियारपुर। नगर के वार्ड संख्या दो चौकिया में शनिवार को सहन की जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने 12 लोगों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो चौकिया निवासी कमलेश विश्वकर्मा और ध्रुव पासवान के बीच सहन की जमीन को लेकर पुराना विवाद है।

शनिवार को विवादित जमीन पर एक पक्ष निर्माण करा रहा था। विरोध करने पर द्रोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। जिला अस्पताल में इलाज के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे की शिकायत की।

## दोनों ओर से थाने में दी गई तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने एक पक्ष से रमावती देवी की तहरीर पर सुदामा विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, प्रमोद, प्रवीण व आकाश पर अनुसूचित जाति उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

दूसरे पक्ष से कमलेश विश्वकर्मा की शिकायत पर शैलेश पासवान, हरिश्चंद्र, रमावती देवी, संगीता, संजय पासवान, छोटेलाल, व अशोक पर केस दर्ज किया है।

एसओ सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि. 06/11/22

# आईटीआई के निर्माण की धीमी प्रगति देख नाराज हुए डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी।

पकड़ी बाजार। खोराबार के सेहुड़ा में निर्माणाधीन राजकीय आईटीआई का जिलाधिकारी जेपी सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने निरीक्षण किया।

निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देख नाराज डीएम ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। आईटीआई के निर्माण का समय पूरा होने के एक साल बाद भी अब तक करीब पचास प्रतिशत कार्य हो पाया है।



राजकीय आईटीआई का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। संवाद

शनिवार को डीएम ने निरीक्षण के दौरान आईटीआई के निर्माण में लगे सामान की गुणवत्ता देखी। खोराबार के सेहुड़ा में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2020 से आईटीआई का निर्माण चल रहा है। उद्घाटन के दौरान कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को एक वर्ष में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे।

### बोले-बनाकर कब देंगे, कब से आएंगे स्कूल में बच्चे

निर्धारित समय पूरा होने के एक वर्ष बाद भी अब तक भवन का छत लग पाया है। निर्माण की गति पर नाराज डीएम ने भवन में लगे रहे दरवाजे की गुणवत्ता देखी। पतले लोहे को देख उन्होंने मोटे लोहे की चादर वाले दरवाजे लगवाने को कहा।

जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि लखनऊ का चक्कर लगाना छोड़ कर निर्माण कार्य पर निगरानी करते रहें। कार्य पूरा होने की तिथि बढ़ाए जाने का प्रस्ताव मांगने पर अभियंता बगली झांकने लगे। उन्होंने कार्य में शिथिलता को लेकर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान एसके सिंह, सुरजीत खरवार मौजूद रहे।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# बड़े अपराध में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करेगी पुलिस



**नौतनवा (एसएनबी)**। एसपी डा. कौस्तुभ ने शनिवार की शाम नौतनवा थाना सभागार में सर्किल के समस्त थानों के विवेचकों के साथ बैठक कर उनके पास लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अकारण विवेचना को लंबित रखने पर एसपी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विवेचकों को जल्द से जल्द मामलों का निस्तारण करने की चेतावनीपूर्ण हिदायत दी। एसपी ने बताया कि नौतनवा थाने में मातहतों के साथ समीक्षा बैठक कर 3 माह से अधिक समय से लंबित पड़े विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित करने तथा पिछले दस वर्षो में चोरी, लूट व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया गया है। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जनता से सामंजस्य स्थापित कर अपराध एवं अपराधियों

## मातहतों के साथ समीक्षा बैठक कर एसपी ने दिए निर्देश

पर प्रभावी अंकुश लगाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सीओ अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष नौतनवा सत्य प्रकाश सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक नौतनवा रामाश्रय यादव, थानाध्यक्ष सोनौली महेंद्र यादव, थानाध्यक्ष बरगदवा पुरषोत्तम राव, थानाध्यक्ष परसा मलिक अमरेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष पुरंदरपुर उमेश कुमार, उपनिरीक्षक धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।



शनिवार को नौतनवा थाना सभागार में नौतनवा सर्किल के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एसपी। ● हिन्दुस्तान

# विवेचकों संग एसपी ने की बैठक

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को नौतनवा थाना सभागार में सर्किल के समस्त थानेदारों एवं विवेचकों के साथ बैठक की।

लंबित पड़ें विवेचनाओं को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कई विवेचना लंबित मिलने पर उन्होंने सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। सर्किल नौतनवा के समस्त थानों के विवेचकों के साथ बैठक करते हुए एसपी ने कहा कि विवेचना के दौरान अपराध की प्रकृति के अनुरूप सभी तथ्यों, साक्ष्यों एवं महत्वपूर्ण बिन्दुओं को शामिल करें। विवेचना हर स्तर पर सही ढंग से होनी चाहिए। कहा कि तीन के भीतर लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें।

# 20 ग्राम हेरोइन संग युवक को पकड़ा

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली के रोडवेज बस डिपो के पास पुलिस ने एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया। इस युवक के पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

चौकी प्रभारी मनीषा सिंह ने बतया कि युवक ने अपना नाम कयामुद्दीन उर्फ छोटू टाइगर निवासी थाना पोखरिया जिला बारा-नेपाल बताया है।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**बहुआर।** पुलिस चौकी प्रभारी बहुआर विवेक कुमार सिंह की अगुवाई में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान तेरह चार पुल पर चलाया गया।

चौकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि बॉर्डर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की जानकारी दी गई। क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित यात्रा करने व यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी जा रही है।

# नो मेंस लैंड के पास बनाया अवैध गोदाम

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के खनुआ बॉर्डर से भारी पैमाने पर गेहूं बीज, कपड़ा, उर्वरक व चीनी की तस्करी हो रही है।

चीनी की खेप नौतनवा क़स्बा के थोक की दुकान से पिकअप टैम्पो, ई रिक्शा, बाइक व खटारा जीप से खनुआ गांव व गांव के पश्चिमी छोर के नोमेस लैंड किनारे बनाए गए दर्जनों अवैध गोदामों में डंप किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम नौतनवा दिनेश कुमार मिश्रा का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। नोमेंस लैंड के समीप स्थापित अवैध गोदामों को शीघ्र ही अभियान चलाकर जब्त किया जाएगा।

# तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**खनुआ।** एसएसबी 66 वीं वाहिनी खनुआ के जवानों ने शनिवार को भारत से दो साइकिल पर लादकर नेपाल क्षेत्र में ले जाई जा रहीं चीनी 19 बोरी, मटर दाल 2 बोरी, व 2 साइकिल के साथ के साथ दो आरोपित व्यक्तियों को एसएसबी ने पकड़ लिया।

बीओपी खनुआ के बीओपी निरीक्षक अमोल सिंह चौहान के नेतृत्व में शनिवार को एएसआई मोहन सिंह, राजेंद्र चौधरी व सुरेंद्र कुमार आदि जवानों के साथ गश्त कर रहे थे।

### नेपाल में चुनाव को लेकर दोनों देशों की हाई लेवल बैठक हुई

# 17 नवंबर से 72 घंटे सील रहेगी नेपाल सीमा

- 20 नवंबर को नेपाल में होने हैं राज्य व प्रतिनिधि सभा के चुनाव
- नेपाल के रुपन्देही के छपिया के होटल में हुई अफसरों की बैठक



शनिवार को नेपाल के छपिया में दोनों देशों के बीच हाई लेवल बैठक हुई।

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। नेपाल में आगामी 20 नवंबर को होने वाले राज्य व प्रतिनिधि सभा के चुनाव को लेकर सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। आगामी 17 नवंबर की रात 12 बजे से 72 घंटे के लिए सीमा सील रहेगी। दोनों देशों के आला अधिकारियों की शनिवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

नेपाल के रुपन्देही के छपिया स्थित एक होटल में शनिवार को दोनों देशों के बीच हाई लेवल बैठक हुई। इसमें सकुशल चुनाव कराने को लेकर अराजक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा बरतने का निर्णय लिया गया। मुख्य जिला अधिकारी भरतमणि पांडेय ने कहा कि मुख्य रूप से चुनाव के दौरान सीमा सील पर चर्चा हुई है। इसके अलावा तस्करी, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, संयुक्त गश्त और द्विपक्षीय चिंताओं पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में आगामी प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रशासन तैयार है। सीमा क्षेत्र में दोनों पक्ष कानून का पालन करेंगे, तुरंत सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे और सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करेंगे। मतदान के पूर्व 72 घंटे तक दोनों पक्षों की ओर से सीमा बंद करने पर सहमति जताते हुए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया गया। हथियारों की तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी, निगरानी और सुरक्षा उपायों को अपनाने और जाली नोटों को नियंत्रित करने के मुद्दे पर दोनों ओर के अधिकारियों ने सख्ती बरतने की बात कही। नेपाल सीमा 17 नवंबर की रात 12 बजे से 20 नवंबर की रात 12 बजे तक 72 घंटे के लिए सील रहेगी।

बैठक में महराजगंज के डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी डॉ. कौस्तुभ, नेपाल की ओर से सहायक जिलाधिकारी रामचन्द्र आर्याल, एसपी रुपन्देही रविन्द्र रेग्मी सहित सशस्त्र पुलिस बल, एसएसबी और खुफिया एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग के सहयोग से सुलझाएं भूमि विवाद के मामले : एसपी



नौतनवा थाने में बैठक को संबोधित करते एसपी डा.कौस्तुभ ● जागरण

**जासं, नौतनवा**: एसपी डा. कौस्तुभ ने नौतनवा थाना कार्यालय, बंदी गृह, महिला हेल्पलाइन डेस्क, मेस व परिसर का निरीक्षण किया। थाना सभागार में सर्किल के समस्त थानों के विवेचकों का अर्दली रूम किया। लंबित विवेचना की समीक्षा की और जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने तीन माह से अधिक समय से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करते हुए वांछित आरोपितों व वारंटियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निवारण, भूमि संबंधी विवादों का समाधान राजस्व विभाग के सहयोग से सुलझाएं। चौक- चौराहों व गलियों में रात्रि गश्त बढ़ाने की बात कही। बीते 10 वर्षों में लूट, चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपितों का भौतिक सत्यापन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। नौतनवा थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव, परसामलिक थानाध्यक्ष अमरेंद्र कन्नौजिया, बरगदवा थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने सीज की कंबाइन मशीन

**जागरण संवाददाता, निचलौल, महराजगंज**: पराली न जले इसको लेकर प्रशासन गंभीर है। कृषि विभाग की ओर से सभी किसानों व कंबाइन मशीनों के मालिकों को जागरूक किया गया।

इसके बाद भी कंबाइन मशीन पराली प्रबंधन यंत्र के बगैर चलाए जा रहे हैं। शनिवार को उप जिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्र ने बरवा कृपाल में बिना पराली प्रबंधन यंत्र के चल रहे कंबाइन मशीन को सीज कर दिया।

चेतावनी दी कि शासन के निर्देश का सभी कंबाइन मशीन मालिक पालन करें। पराली प्रबंधन यंत्र अवश्य लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप मैनेजर से जालसाजी

**जासं, फुलमनहा:** बृजमनगंज के उसका रोड स्थित अग्रवाल फीलिंग स्टेशन पर तैनात मैनेजर से शुक्रवार शाम एक व्यक्ति ने 10 हजार रुपये की जालसाजी की। पेट्रोल पंप मैनेजर सुकई यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम एक व्यक्ति ने मोबाइल पर फोन किया और कहा कि दो गाड़ी पेट्रोल पंप पर पहुंच रही है। उसमें 10- 10 हजार का डीजल डालना है। 10 हजार रुपये ड्राइवर के फोन-पे में डालना है। जिसका कुल तीस हजार रुपये आनलाइन पेमेंट के माध्यम से मैनेजर को कर दे रहे हैं।

अज्ञात एप के माध्यम से 30 हजार रुपये मैनेजर के मोबाइल में पेमेंट का फर्जी स्क्रीन शाट भेज दिया गया। कुछ देर बाद मैनेजर ने पता किया तो जालसाजी होने की जानकारी हुई। मैनेजर ने शनिवार को थाने पर तहरीर दे कर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है , जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल में चुनाव को लेकर 17 से 20 तक बंद रहेगी सीमा



भैरहवा के एक होटल में बैठक करते भारत व नेपाल के अधिकारी • जागरण

- नेपाल में 20 नवंबर को होना है प्रतिनिधि सभा व विधानसभा चुनाव
- बैठक में शामिल हुए महराजगंज व सिद्धर्थनगर के अधिकारी

**जासं, भैरहवा (नेपाल)** : नेपाल में 20 नवंबर को प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा सदस्यों के होने वाले चुनाव को लेकर भारत से लगने वाली सीमा तीन दिन तक बंद रहेगी। शनिवार को नेपाल के रुपंदेही जिले के भैरहवा में दोनों देशों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 17 नवंबर की रात 12 बजे से 20 नवंबर की रात 12 बजे तक सीमा बंद रखने पर सहमति बनी। बैठक में भारत की ओर से महराजगंज व सिद्धार्थनगर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

जिला प्रशासन कार्यालय, रुपंदेही के सूचना अधिकारी रामचंद्र आर्याल ने बताया कि निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में सीमा बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा बैठक में हथियारों व मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी, नकली नोटों पर रोक लगाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी है। नेपाल की ओर से रुपंदेही के एसपी रविन्द्र रेग्मी, सुरक्षा प्रमुख, सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी और भारत की ओर से महराजगंज के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, एसपी डा. कौस्तुभ, सिद्धार्थनगर के प्रशासन व पुलिस के अधिकारी, सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने लोगों को पढ़ाया यातायात का पाठ

**जासं, झुलनीपुर:** बहुआर पुलिस ने सीमावर्ती गांवों में जाकर शनिवार को लोगों को यातायात का पाठ पढ़ाया। वंश बहादुर इंटर कालेज बहुआर, सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर बैठवलिया व मिश्रौलिया में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों को विस्तार से बताते हुए कहा नियमों के प्रति थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है। चौकी प्रभारी विवेक सिंह , विद्यालय के प्रधानाचार्य ईश्वर शरण दास, प्रबंधक जितेंद्र पाल उपस्थित रहे।

# लंबित विवेचना जल्द निस्तारित करने के निर्देश

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शनिवार को कार्यालय सभागार में सर्किल नौतनवां के समस्त थानों के विवेचकों का अर्दली रुम किया। अर्दली रुम के दौरान लंबित विवेचनाओं के संबंध में पूछताछ की।

लंबित विवेचना जल्दी निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने तीन माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछितों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया।

शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का समाधान/थाना दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने, पिछले 10 वर्षों में चोरी, लूट, व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने के बारे में निर्देशित किया गया।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नौतनवां, सर्किल नौतनवां के समस्त थाना प्रभारी के अतिरिक्त समस्त विवेचक मौजूद रहे। संवाद

# हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

सोनौली। भारत नेपाल सीमा सोनौली के रोडवेज बस डिपो के पास सोनौली पुलिस ने एक युवक के पास मादक पदार्थ हेरोइन बरामद कर उसे गिरफ्तार किया। शुक्रवार देर रात चौकी प्रभारी मनीषा सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ कस्बे के रोडवेज बस डिपो के पास गश्त कर रही थीं। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस की टीम ने दौड़ा कर पकड़ लिया और जब उसकी तलाशी ली तो उसके जेब से 20 ग्राम हेरोइन बरामद किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम कयामुद्दीन उर्फ छोटू टाइगर निवासी थाना पोखरिया जिला बारा नेपाल बताया। कोतवाल महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि हेरोइन के साथ पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया गया। संवाद

# साहब ! 26 साल हो गए, अब तो तलवे घिसने लगे हैं

## अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक चुके फरियादी रामकिशुन का संपूर्ण समाधान दिवस में छलका दर्द

संवाद न्यूज एजेंसी



फरियादी की समस्या सुनते सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल। संवाद

महाराजगंज। संपूर्ण समाधान दिवस में जमीन से जुड़ी शिकायतों की भरमार रही। कोई 22 साल से जमीन पर कब्जा दिलाने की गुहार लगा रहा है तो कोई 26 साल से पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग करने में जुटा है। शिकायतों का पुलिंदा देकर फरियादी थक चुके हैं। लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

नगर पालिका महाराजगंज के पहाड़ी बुजुर्ग मोहल्ले के रहने वाले दीपक सिंह ने बताया कि 22 साल से जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की जा रही है। लेकिन, अधिकारी हर बार आश्वासन देकर घर भेज देते हैं। उन्होंने बताया कि पिता के द्वारा वर्ष 2002 में जयप्रकाश नगर में 40 डिसमिल जमीन खरीदा गया था। कुछ साल बाद कुछ लोग जमीन पर चहारदीवारी चलाकर जमीन पर कब्जा कर लिए। न्यायालय में वाद दाखिल हुआ। वर्ष 2007 में स्टे मिला। अब न्यायालय ने कब्जा दिलाने का आदेश दिया है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मनबढ़ों द्वारा धमकी दी जा रही है।

हरखपुरा गांव के रामकिशुन 26 साल से पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया जाता है। लेकिन, आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं हाथ लगता है। विरोधी जमीन पर कब्जा कर लिए हैं, उनको हटाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। कटहरा गांव के शिवपूजन ने बताया कि वर्ष 2017 से चकमार्ग से कब्जा हटाने की मांग की जा रही है। लेकिन, अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। विरोधी चकमार्ग पर कब्जा कर लिए हैं। खुटहा बाजार के रहने वाले अतीकुर रहमान ने बताया कि बीते एक महीने से अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रहा हूं। जमीन विवाद का मामला है। विरोधी दीवार तोड़कर गिरा दिए हैं। वह जमीन कब्जा कराना चाहते हैं। अब तो धमकी भी दी जा रही है।

### 257 में महज 16 मामले निस्तारित

महाराजगंज। जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जन समस्याओं को निस्तारित करने का प्रयास किया गया। 257 मामलों में महज 16 मामले मौके पर निस्तारित हो सके। शेष मामलों में आश्वासन देकर भेज दिया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल 55 मामले आए, जिसमें 4 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि चूंकि अब फसलें कट रही हैं लिहाजा राजस्व अधिकारी चक मार्गों की पैमाइश जल्द कर लें। उन्होंने लेखपाल, सेक्रेटरी सहित ग्राम स्तरीय अधिकारियों को पंचायत भवनों पर उपस्थित रहने को कहा और चेतावनी दी कि जो लोग पंचायत भवन पर नहीं बैठते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सी. जमीर, क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान, डीसी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राकेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे। नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार नौतनवां में तहसीलदार अरविन्द कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 74 मामले आए जिसमें से महज 4 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। निचलौल प्रतिनिधि के अनुसार 23 मामले आए। जिसमें 3 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी सत्यप्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। सर्वाधिक मामले राजस्व के रहे। फरेंदा तहसील में 105 मामलों में पांच का निस्तारण हुआ। संवाद

# BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

संपूर्ण समाधान दिवस

# कमिश्नर व डीआईजी ने सुनी फरियादियों की समस्या

**रुधौली/भानपुर (एसएनबी)।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस रुधौली कमिश्नर व डीआईजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ।

कमिश्नर और डीआईजी के आते ही फरियादियो में आस का किरण जग गई । इस दौरान कुल 42 मामले आये 9 मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष 33 मामले को संबंधित विभाग कोसौंप दिया गया। वही कमिश्नर व डीआईजी ने आये हुए फरियादियों की क्रमवार समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही मामले का निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम कमलेश चन्द्र , एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केशरी नंदन तिवारी, पूर्ति निरीक्षक शैलेश सिंह, सीडीपीओ साधना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं **भानपुर** प्रतिनिधि केअनुसार में उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 14 मामलोंका पंजीकरण किया गया। जिसमें से 6 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम ने बिना सूचना दिए सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपना प्रतिनिधि भेजे जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि कोई भी बिना सूचना दिए आगे से ऐसा नहीं करेगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीति खरवार, खंड विकास अधिकारी रामनगर योगेंद्र राम त्रिपाठी,सल्तौवा सुशील कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।



बस्ती : समाधान दिवस पर समस्या सुनते कमिश्नर व डीआईजी। फोटो : एसएनवी

# भूमि विवाद को लेकर युवक को गालियां व धमकी, केस

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के डारीडीहा गांव में भूमि विवाद की बात को लेकर कुछ लोग मनोज पाण्डेय को गालियां दे रहे थे। मनोज ने जब उन्हे गालियां देने से मना करने लगा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित मनोज पाण्डेय पुत्री हरिश्चन्द्र पाण्डेय निवासी डारीडीहा थाना कलवारी, की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रितिक पाण्डेय पुत्र रमाशंकर पाण्डेय, रमाशंकर पाण्डेय पुत्र देवदत्त पाण्डेय, अंकित पाण्डेय पुत्र उमाशंकर निवासीगण डारीडीहा थाना कलवारी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पेन कार्ड बनाने में देर होने पर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में पैन कार्ड बनवाने में देर करने की बात को लेकर चन्द्र प्रकाश को इशरार व अजाज ने मिलकर गालियां देते हुए घर में घुसकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान घर के बर्तन सहित अन्य सामानों को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित चन्द्र प्रकाश पुत्र जयन्त्री प्रसाद निवासी बहादुरपुर थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इशरार अहमद पुत्र रब्बुल हक, एजाज अहमद पुत्र खब्बुलहक निवासीगण बहादुरपुर थाना कलवारी के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# मारपीट में युवती घायल, केस

**बस्ती** । रूधौली थानान्तर्गत भरौली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर खुशी भट्ट को आरोपी हेमन्त पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, वंशराज पाण्डेय ने मिलकर गालियां देते हुए डण्डा व फरसा से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित खुशी भट्ट पुत्री प्रवीन कुमार शर्मा भरौली थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस नेआरोपी हेमन्त पाण्डेय पुत्र वंशराज पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय पुत्र वंशराज पाण्डेय, वंशराज पाण्डेय निवासीगण भरौली थाना रुधौली के विरूद्ध धारा 323, 324, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चकमार्ग को काटकर खेत में मिलाया, मुकदमा

**बस्ती**। कलवारी थाना क्षेत्र के विसेनपुर ग्राम पंचायत में सार्वजनिक चकरोड को आरोपी राम सुभावन चौधरी ने काटकर अपने खेत में मिला लिया। जिसके बारे में हल्का लेखपाल द्वारा पूछा गया तो आरोपी राम सुभावन तथा उसकी दोनो बेटियों ने मिलकर लेखपाल को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अरविन्द यादव राजस्व लेखपाल सम्मिलित ग्राम विसेनपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम सुभावन चौधरी पुत्र जगेसर व उनकी लड़की कुसुम उर्फ उर्मिला, सुमन निवासीगण विसेनपुर थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 506 आईपीसी व 3/4 लोक संपत्ति क्षतिनिवारण अधीनियम 1984 के तहत केस दर्ज किया है।

# चेकिंग से लौट रहे विद्युत कर्मचारियों से मारपीट, केस

**बस्ती ।** मुण्डेरवा थानान्तर्गत विद्युत उपकेन्द्र व्योतहरा के अवर अभियन्ता मनोज कुमार गुप्ता अपने सहायोगी कर्मचारियों के साथ क्षेत्र से विद्युत चेकिंग की कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खजौला में पहुंचे तभी कुछ लोगो ने उन्हे घेर लिया और गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान सरकारी दस्तावेज को फाड़कर नष्ट कर दिया। मामले में पीड़ित मनोज कुमार गुप्ता अवर अभियन्ता 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र व्योतहरा पुत्र विद्यासागर निवासी फतेहपुर पोस्ट मकदूमनगर थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर की तहरीर पर मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी विनोद चौधरी, रवि चौधरी, अमरजीत चौधरी तथा एक दर्जन से अधिक अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 147, 353, 332, 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी को भगाया, आधा दर्जन नामजद

**बस्ती ।** कोतवाली पुलिस को एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके रिश्तेदार का लड़का रवि प्रताप उर्फ सार्थक त्रिपाठी उसकी 14 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। जिसमें उसके पांच अन्य सहयोगी भी शामिल रहे। मामले में पुलिस ने आरोपी रवि प्रताप उर्फ सार्थक त्रिपाठी उर्फ भोला पुत्र विनोद त्रिपाठी निवासी बनगवा थाना लालगंज, बैभव त्रिपाठी पुत्र दयाशंकर त्रिपाठी निवासी पाला, जिला सिद्धार्थनगर, विनोद त्रिपाठी, राधिका देवी पत्नी विनोद कुमार, दीपू उर्प दीपक, कुलदीप उर्फ छोटू पुत्र विनोद त्रिपाठी निवासीगण बनगवा थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अण्डा रोल बनाने की बात को लेकर पिटाई, केस

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा चौराहा स्थित मनीष यादव अण्डा रोल की दुकान लगाता है। शाम को जैसे ही वह दुकान बन्द करके घर जाने के लिए तैयार हुए तभी गोलू सिंह अपने दोस्तो के साथ दुकान पर आये और अण्डा रोल बनाने को कहा। जिस पर मनीष ने दुकान बन्द कर देने की बात कही। जो आरोपियों को नागवार लगा और मनीष को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। मामले में पीड़ित मनीष यादव पुत्र रामशब्द यादव निवासी बन्नी पोस्ट ठोकवा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गोलू सिंह, एक अन्य व्यक्ति निवासीगण अमर डोभा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पुराने विवाद में जानमाल की धमकी, केस

**बस्ती ।** कोतवाली पुलिस कोलिखित तहरीर मेंपीड़ित आदर्श सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी महरीखांवा ने आरोप लगाया कि उसके मोबाइल पर आकाश सिंह ने फोन कर पुराने विवाद में गोरखपुर में 156(3) सीआरपीसी का मुकदमा दर्ज होने की बात कहने लगे। जिसके सम्बन्ध में वार्ता करनेपर आरोपी ने आदर्श को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश सिंह पुत्र ध्रुवचन्द्र सिंह निवासी बढ़या बाबू थाना वखिरा जनपद सन्तकबीर नगर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# नौ वारंटी गिरफ्तार

**हर्रैया।** थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि अलग-अलग टीम द्वारा अपराध संख्या 387/2021 मे वांछित बडहर कला निवासी काशीप्रसाद शर्मा पुत्र तहदिल शर्मा, अपराध संख्या 89/2022 में वांछित महेवा कुंवर निवासी टुनटुन सिंह पुत्र गंगा सिंह, अपराध संख्या 370/2017 में वांछित कमरडाड निवासी प्रवीण पुत्र बुझावन , अपराध संख्या 255/2019 में वांछित जिवधरपुर निवासी पवन कुमार पुत्र परीक्षन, अपराध संख्या 885/2021 में वांछित उग्रसेन नगर कस्बा हर्रैया निवासी कन्हैयालाल गुप्ता पुत्र ठाकुर प्रसाद गुप्ता, अपराध संख्या 31/2015 मे वांछित सम्राट नगर कस्बा हर्रैया निवासी पूर्व लेखपाल अशोक कुमार लाल,अपराध संख्या 336/2019 में वांछित जगदीशपुर निवासी रामबरन पुत्र बृजलाल, अपराध संख्या 95/2022 में वांछित गोभिया निवासी मीरा सिंह पत्नी राम सिंह तथा अपराध संख्या 95/2022 में वांछित तिनौता निवासी बंदना पत्नी विजय को गिरफ्तार किया गया। सभी वांरटियो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उन्होने बताया कि सात वारंटी मृतक पाए गए जिनका मृत प्रमाण पत्र न्यायालय मे प्रेषित किया जा रहा है। इसके अलावा पांच वांरटियों द्वारा न्यायालय का रिकाल दिखाया गया।

# जिला बदर 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बस्ती** । थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्तगण तावेद पुत्र सोहराब ,जावेद पुत्र सोहराब,परवेज पुत्र सोहराब,नफीस उर्फ बबलू पुत्र रफीउल्लाह निवासी गण डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती को डफाली टोला से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करके न्यायालय बस्ती रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण तावेद पुत्र सोहराब निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती,जावेद पुत्र सोहराब निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती ,परवेज पुत्र सोहराब निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती ,नफीस उर्फ बबलू पुत्र रफीउल्लाह निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं।

# अफसरों के आश्वासन पर धरना खत्म

मुंडेरवा (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। मुंडेरवा थाने के खझौला गांव में विद्युत कनेक्शन काटने व केबिल उठाकर ले जाने के मामले को लेकर थाने में भाकियू कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए थे। शुक्रवार की आधी रात में एएसपी दीपेन्द्र चौधरी, एसडीएम सदर शैलेन्द्र कुमार दूबे और सीओ रुधौली प्रीति खरवार की मध्यस्थता से धरना समाप्त किया जा सका। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्रकरण की जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

मुंडेरवा थाने के खजौला गांव में शुक्रवार को बिजली बिल बकाये को लेकर चल रहे अभियान में देवतहरा विद्युत उपकेंद्र के जेई मनोज कुमार गुप्ता ने विनोद चौधरी, अमरजीत के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया और केबिल ले जाने लगे। इसी बात को लेकर लेकर विवाद हुआ। इसके बाद जेई मनोज कुमार गुप्ता ने मुंडेरवा थाने में विनोद चौधरी, रवि चौधरी व अमर जीत के अलावा 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इसकी जानकारी होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मुंडेरवा थाने पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। किसान यूनियन के लोगों का कहना था कि जेई के ऊपर भी मुकदमा हो या फिर मुकदमा वापस किया जाए। इधर धरने की सूचना पाकर एएसपी और एसडीएम देर रात पहुंच गए और भाकियू कार्यकर्ता से बातचीत की और धरना समाप्त कराया। भाकियू मंडल महासचिव शोभाराम ठाकुर ने बताया कि विनोद और अमरजीत को रात में ही छोड़ दिया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले में जांच कर जेई पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भाकियू प्रदेश सचिव दिवान चन्द्र पटेल, पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौधरी, रामकेवल, जयराम आदि मौजूद रहे।



मुंडेरवा थाना परिसर में शुक्रवार की रात में धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता।

# रिश्तेदार की लड़की भगा ले गया

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी चौदह वर्षीय बेटी को उनके एक रिश्तेदार का बेटा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 27 अक्टूबर की देर शाम अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने लालगंज थाना के रहने वाले रवि प्रताप समेत छह लोगों के खिलाफ आईपीसी 363 व 366 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# ससुर समेत दो के खिलाफ मुकदमा

बस्ती। गौर थाने पर तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल में उसे प्रताड़ित किया गया। गलत नीयत से नहाते वक्त बाथरूम में घुस गए। विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने ससुर व सास के खिलाफ आईपीसी 498ए, 354, 354ग, 323, 504 व 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रास्ते को काटकर खेत में मिलाया, केस

बस्ती। कलवारी थाने में तहरीर देकर राजस्व लेखपाल विसेनपुर अरविन्द यादव ने आरोप लगाया है कि चकरोड को ट्रैक्टर व लेबलर की सहायता से मार्ग को काटकर खेत में मिला लिया गया। पूछने पर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने गांव निवासी रामसुभावन व उनकी बेटी कुसुम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पैन कार्ड बनवाने में देरी पर पीटा

बस्ती। कलवारी थाने में तहरीर देकर बहादुरपुर निवासी चंद्रप्रकाश ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने पैन कार्ड बनवाने में देर करने की बात को लेकर उनके घर में घुसकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी और बर्तन तोड़ दिया। पुलिस ने गांव के इशरार अहमद और एजाज अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वंदे मातरम को 'जन गण मन' के बराबर दर्जा

## केंद्र का जवाब

- एक याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट को दी जानकारी
- नागरिक दोनों के प्रति समान सम्मान दिखाएं

**नई दिल्ली प्रमुख संवाददाता।** केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट को जानकारी दी कि 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' दोनों का दर्जा बराबर है। देश के हर नागरिक को दोनों के प्रति समान सम्मान दिखाना चाहिए।

केंद्र ने उस याचिका का जवाब दिया है, जिसमें राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को समान सम्मान और दर्जा देने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए अपील की गई थी।

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर गृह मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, कानून और न्याय मंत्रालय और अन्य से जवाब मांगा था। याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई कि हर कार्य दिवस पर सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में 'जन-गण-मन' और 'वंदे मातरम' बजाया और गाया जाए।

याचिकाकर्ता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कहा कि 'वंदे मातरम' का सम्मान करना हर भारतीय का कर्तव्य है। 'जन गण मन' और 'वंदे मातरम' को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करना सरकार का कर्तव्य है। 'वंदे मातरम' में व्यक्त भावनाएं राष्ट्र के चरित्र और शैली को दर्शाती हैं।

# हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

**बस्ती।** शिवसेना के जिला प्रमुख प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पंजाब के अमृतसर में दिन दहाड़े मंदिर के सामने धरना दे रहे शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या कर दिये जाने के विरोध में रेलवे स्टेशन के निकट विरोध प्रदर्शन किया।

शिवसैनिक पंजाब के सीएम भगवन्त सिंह मान का पुतला दहन करने जा रहे थे। पुलिस और शिवसैनिकों के बीच काफी नोक झोंक हुई, पुलिस कर्मियों ने सीएम का पुतला छीन लिया। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से शिवेश शुक्ल, राम प्रकाश आदि शामिल रहे।

# छह कनेक्शनधारियों पर एफआईआर

**भानपुर।** बिजली कनेक्शन कटने के बाद बगैर बकाया विद्युत बिल जमा किए निजी व्यक्तियों ने बिजली का कनेक्शन जोड़ दिया। इस पर जेई ने आधा दर्जन उपभोक्ताओं के खिलाफ सोनहा थाने में केस दर्ज कराया है।

जेई ने कार्रवाई विद्युत अधिनियम के धारा 138बी के तहत की है। बिजली सब स्टेशन भानपुर के जेई रवि शंकर ने बताया कि उपकेन्द्र के अंतर्गत सोनहा क्षेत्र के मुड़िला गांव निवासी मायाराम, रामदीन, संतराम व भगवानपुर गांव निवासी घनश्याम, लाल बिहारी तथा पकड़ी मोती गांव निवासी राम भग्गन के जिम्मे 50 हजार से एक लाख रुपए तक का बिजली का बिल बकाया है।

# हत्या की झूठी सूचना पर हलकान रही पुलिस

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज पुलिस हत्या की झूठी सूचना पर शुक्रवार रात घंटों हलकान रही। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि पारिवारिक विवाद में एक महिला ने हत्या की झूठी सूचना 112 पर दिया है।

पीआरबी टीम परिवार के लोगों को समझा बुझा कर भविष्य में ऐसी झूठी सूचना न देने की नसीहत देकर वापस लौटी। एसएचओ कप्तानगंज सत्येंद्र कुंअर ने बताया कि पारिवारिक विवाद में एक महिला ने झूठी सूचना दी थी। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के परशपुरा गांव की सरस्वती ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दी कि पति ने हत्या की है।

# दुर्घटना मामले में केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती। एसीजेएम द्वितीय अर्पिता यादव की अदालत ने ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के विरूद मुकदमा दर्ज कर आख्या सात दिन के अन्दर प्रस्तुत करने का आदेश प्रभारी निरीक्षक छावनी को दिया है।

बलुआ रूदनी गांव निवासी रमन देवी ने अधिवक्ता के जरिए अदालत में अर्जी देकर कहा कि सात जून 22 को दिन में बेटे सतीश तिवारी को ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने ठोकर मार दिया जिससे वे घायल हो गये।

# चार जिलाबदर समेत 19 गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में डीआईआई आरके भारद्वाज के निर्देश पर चले अभियान में अलग-अलग थानों की पुलिस ने चार जिला बदर समेत 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 15 वारंटी शामिल हैं।

पुरानी बस्ती पुलिस ने चार जिला बदर आरोपियों को शनिवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि एक अगस्त 2022 को डीएम स्तर से चारों को जिला बदर किया गया था। बावजूद इसके चारों थाना क्षेत्र में ही रह रहे थे। गिरफ्तार किए गए जिला बदर आरोपियों में तावेद, जावेद, परवेज व नफीस उर्फ बबलू निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई रामदेव, हेड कांस्टेबल मिथुन व कांस्टेबल आकाश दीप शामिल रहे। पुलिस कार्यालय के अनुसार विभिन्न मामलों में पुरानी बस्ती पुलिस ने वारंटी साजिद अली, पठान टोला, शशिपाल यादव पठान टोला, इस्तियाक अहमद खुटहना, सत्येन्द्र कन्नौजिया पठान टोला को भी गिरफ्तार किया। जबकि वाल्टरगंज पुलिस ने राम कुमार निवासी कोइलसा, राजवन्त निवासी गौरा, राम करन निवासी गौरा, रामकृष्ण उर्फ मेधेर निवासी गौरा, संदीप सिंह निवासी दौलतपुर को भी गिरफ्तार किया। वहीं नगर थाने की पुलिस ने गोविन्द निवासी पिपरा गौतम, रमेश, उमेश निवासी कुसमौर, बेचन निषाद निवासी फुलवरिया निषाद, रामजीत निवासी नगर, प्रेमचन्द निवासी पिपरा गौतम थाना नगर को गिरफ्तार किया है।



पुरानी बस्ती पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

### हरैया तहसील में डीएम ने की जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई, सदर तहसील में 85, हरैया में 80 और रुधौली में 42 मामले आए

# तहसील दिवस में 44 को समाधान, 177 को भरोसा

**आयोजन**

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले की चारो तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त हुई 221 शिकायतों में से महज 44 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। ज्यादातर शिकायतें जमीन के विवाद से संबंधित प्राप्त हुई, जिनके जल्द निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। बस्ती सदर में 85 मामले सामने आए इनमें से 9 का, हरैया में 80 में से 20 का, रुधौली में 42 में से 9 तथा भानपुर में 14 में से 6 मामलों का त्वरित समाधान हो सका, सदर में एसडीएम शैलेश दुबे ने सुनवाई की।

हर्रैया संवाद सूत्र के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में चकमार्गों पर अवैध अतिक्रमण व अविवादित वरासत मामलें की शिकायत प्राप्त होने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में सभी अवैध अतिक्रमण तथा अविवादित वरासत के मामलों की सूची तैयार कर तहसीलदार के सामने पेश करें। वहां पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 मामले आए, जिसमें से 20 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य रूप से राजस्व के 33, पुलिस के 17, विकास के 18, विद्युत के सात, गन्ना के दो तथा चकबन्दी के तीन मामले आए। समाधान दिवस में सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम गुलाब चन्द्र, सीओ शेषमणि उपाध्याय ने लोगों की समस्याओं को सुना। सीएमओ डॉ. आर. पी. मिश्रा, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, पीडी कमलेश सोनी, डीडी कृषि अनिल कुमार, एसडीएम सुधांशु, तहसीलदार इन्द्रमणि तिवारी व विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**रुधौली में एडीएम ने की सुनवाई**

: रुधौली संवाद के अनुसार शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम कमलेश चन्द्र ने किया। उन्होंने आए हुए फरियादियों की सुनवाई की और उनके मामले के समाधान का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया कुल 42 मामलों में से नौ मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम आनन्द सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केशरी नन्दन त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार कौशल, बीईओ विजय आनन्द, नगर पंचायत के ईओ अवनीश कुमार सिंह, मोहन श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



महीनों से परेशान फरियादी को खतौनी देती डीएम प्रियंका निरंजन। • हिन्दुस्तान

**221** फरियादी जिले की चारो तहसीलों से आए

### भानपुर में छह मामलों का हुआ निस्तारण

भानपुर संवाद के अनुसार एसडीएम गिरीश कुमार झाँ ने फरियादियों के मामलों की सुनवाई की। कुल 14 मामले पंजीकृत किए गए जिसमें से मौके पर 6 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में बीडीओ रामनगर योगेन्द्र राम त्रिपाठी, बीडीओ सल्टौआ सुशील पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीती खरवार सहित समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में मिली खतौनी तो जताई खुशी

डीएम ने पिछले 6 माह से खतौनी के लिए परेशान रामचंदर को अपने हाथों से खतौनी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार के आदेश पर लेखपाल ने जून माह में ही रामचंद्र और उसके दोनों भाइयों के नाम वरासत दर्ज कर दिया था उसके अन्य दो भाइयों को खतौनी की कॉपी भी दे दिया था, लेकिन रामचंद्र को खतौनी की कॉपी नहीं दिया। इस संबंध में रामचंद्र ने समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या बताई, तो उन्होंने तत्काल खतौनी की प्रति मंगाकर रामचंद्र को उपलब्ध कराया। रामचंद्र ने इसके लिए डीएम को धन्यवाद किया।

### कस्तूरबा विद्यालय हर्रैया का किया निरीक्षण

तहसील दिवस समाप्त होने के बाद डीएम प्रियंका निरंजन ने हर्रैया मुख्यालय पर निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार से छात्रावास के भवनों के बारे में जानकारी ली तथा कस्तूरबा विद्यालय में कितने भवन बन रहे हैं, कार्यालय, शौचालय आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मानक विहीन काम पाए जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और कहाकि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। मानक विहीन काम की जांच के लिए मौजूद विभागीय अधिकारी को तलब कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट तलब किया है।

बस्ती जागरण

# कार्रवाई न करने के आश्वासन पर धरना खत्म

## बिजली विभाग ने कराया है ग्रामीणों पर केस, रात12 बजे एएसपी के आश्वासन पर माने

**जासं, मुंडेरवा, बस्ती :** मुंडेरवा के खझौला गांव में शुक्रवार को बिजली काटने को लेकर कुछ ग्रामीणों और बिजली विभाग के कर्मचारियों में विवाद हो गया था। इसे लेकर बिजली विभाग द्वारा तीन ग्रामीणों के ऊपर नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया, किंतु ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग पर लगाए गये आरोप की तहरीर पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ था। इसे लेकर भाकियू के कार्यकर्ताओं ने मुंडेरवा थाने पर धरना शुरू कर दिया था।

अधिशासी अभियंता महेंद्र मिश्र ने बताया कि अभियान के तहत बिजली की चेकिंग की जा रही थी। 10 हजार रुपये से ऊपर के बकायेदारों का विद्युत विच्छेदन किया जा रहा था। इसको लेकर ग्रामीण आक्रोशित होकर विद्युत विच्छेदन का विरोध करने लगे और अपशब्द कहते हुए हाथापाई पर उतर आए। ग्रामीणों का कहना है कि इस समय खेती का काम चल रहा है, घर के जिम्मेदार व पुरुष वर्ग खेतों में काम में व्यस्त थे। कर्मचारी घर पर जाकर बिजली काटने लगे तो घर पर मौजूद महिलाओं ने मना किया तो वह अभद्रता करने लगे। महिलाओं को अपशब्द कहा। बिना किसी सूचना के विद्युत बिच्छेदन नहीं किया जा सकता है। इस पर एसडीओ और जेई मनोज गुप्त और अन्य 15 लोगों ने बदसलूकी की और मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। इससे नाराज ग्रामीणों ने भी मुंडेरवा थाने में पहुंच कर प्रार्थनापत्र देकर बिजली विभाग पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। उनका मुकदमा नहीं दर्ज हुआ तो भाकियू के नेताओं के साथ वे थाने पर धरना देने बैठ गए। धरना की जानकारी होने पर देररात मुंडेरवा थाने पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी व क्षेत्राधिकारी रुचौली प्रीती खरवार के दंडात्मक कार्यवाही नहीं करने और जांच कर मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर रात 12 धरना खत्म हुआ। हालांकि पुलिस ने ग्रामीण उपभोक्ताओं पर मनोज कुमार गुप्त जेई की तहरीर पर विनोद चौधरी, रवि चौधरी व अमरजीत यादव तथा 12 से 15 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।



मुंडेरवा थाने मे रात मे धरना पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता व ग्रामीण ● स्रोत पुलिस विभाग

# ईंट निर्माता समिति का धरना 10 को

**बस्ती:** ईंट निर्माता समिति की ओर से जीएसटी के विरोध में 10 नवंबर को धरना दिया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ जायसवाल ने दी। (जासं)

33.4° 23.0° अधिकतम न्यूनतम | सूर्य अस्त (आज) 05:13 उदय (कल) 06:12 | आर्द्रता 70% 60% अधिकतम न्यूनतम

बस्ती जागरण

# यातायात माह का असर, बढ़ गए हेलमेट पहनने वाले चालक

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : यातायात माह चल रहा है। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। हेलमेट न लगाने पर एक हजार रुपये जुर्माना होने और जगह-जगह वाहन चेकिंग के कारण 70 से 75 प्रतिशत लोग हेलमेट लगाकर चलने लगे हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार जिले में साढ़े तीन लाख दोपहिया वाहन चालक हैं जिनके पास हेलमेट तो है, पर इनमें से काफी संख्या में ऐसे हैं जो बाइक या स्कूटी चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते हैं। जिले में एक वर्ष में लगभग 20 हजार दोपहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इनको भी दोपहिया वाहन के साथ हेलमेट



बाइक सवार को हेलमेट पहनाते यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह •जागरण

उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस वर्ष हेलमेट पहनने वालों की संख्या में 20 हजार की बढ़ोत्तरी हुई है। दोपहिया वाहन विक्रेता एजेंसियों को यह आदेश है कि खरीदार को बिना हेलमेट लिए वाहन न बेचा जाए। इस पर लगातार अमल किया जा रहा है। शुभम हीरो के प्रोपराइटर चंद्र पकाश मिश्र और सुशील हीरो के प्रेम अग्रवाल, प्रकाश बजाज के रवि चौधरी ने बताया कि जो भी



हेलमेट खरीदार बढ़े •जागरण

बाइकें या स्कूटी बेची जा रही हैं, उनके साथ हेलमेट अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं हेलमेट विक्रेता ने कहा कि दोपहिया वाहनों की एजेंसियां खुद हेलमेट दे रही हैं, ऐसे में दुकानों पर इसकी बिक्री कम हो गई है।

यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह ने बताया कि दोपहिया चालकों के पास हेलमेट तो होता है, मगर इसे वह प्रयोग करने में लापरवाही बरतते हैं। हेलमेट न लगाने के कारण आए दिन सड़क हादसों में बाइक चलकों की जान चली जा रही है। ऐसे में यातायात माह के दौरान बाइक व स्कूटी चालकों को लगातार हेलमेट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कभी उन्हें गुलाब का फूल देकर समझाया जा रहा है तो कभी पंफलेट बांटकर हेलमेट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यातायात माह में हेलमेट लगाने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# ससुर समेत दो के विरुद्ध मुकदमा

**बस्ती**: गौर थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ससुराल में उसे प्रताड़ित किया गया। गलत नीयत से नहाते समय उसके ससुर बाथरूम में घुस गए। विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने ससुर व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धरना की सफलता के लिए नेताओं ने तेज किया संपर्क

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुरानी पेंशन की बहाली सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सात नवंबर दिन सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर होने वाले एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कर्मचारी नेताओं ने संपर्क तेज कर दिया है। शनिवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने लोक निर्माण, कृषि भवन, आयुक्त कार्यालय, बाढ़ खंड आदि के कार्यालयों में संपर्क किया एवं पर्चा वितरित कर सात नवंबर को होने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील किया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल एवं जिलामंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि सरकार के हठवादी रवैया के कारण ही कर्मचारी आंदोलन

## डीएम कार्यालय पर सोमवार को धरना देंगे कर्मचारी, सरकार की हठवादी रवैया से कर्मचारी आंदोलन के लिए मजबूर

के लिए मजबूर हैं। समय रहते सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेगी तो कर्मचारी निर्णायक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कर्मचारियों से अपील किया कि वे सात नवंबर को 10.30 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर धरना, प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाएं। स्टेनोग्राफर्स महासंघ के सचिव डीएन वर्मा, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय आर्य ने कर्मचारियों को धरना में शामिल होने का अनुरोध किया। इस मौके पर राजेंद्र चौधरी, विवेक गुप्ता, संतोष कुमार पांडेय, शलभ श्रीवास्तव, सौरभ कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रामचरन, शिवनंदन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**जागरण संवाददाता,बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति के उत्पीड़न के मामले में थानाध्यक्ष कप्तानगंज को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। मुकदमा दर्ज कर इसकी जानकारी न्यायालय को प्रेषित करने का भी आदेश दिया है।

थाना क्षेत्र के कर्मिया शुक्ल निवासी गोरई ने शिवपूजन मिश्र एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। कहाकि गोरई ने अपनी निजी भूमि में तालाब खोदवाकर मछली पालन किया है। अब उसकी मछलियां बड़ी हो गई हैं। गांव का ही विरेंद्र यादव मुफ्त में मछली मांग रहा था। जब गोरई ने मुफ्त में मछलियां देने से इनकार कर दिया तो वीरेंद्र यादव ने उसे जातिसूचक गालियां दी ,तथा 19 सितंबर की रात 10 बजे गोरई के तालाब में जहर डाल दिया। जिससे मछलियां मर गईं।

# अधिकतर फरियादियों को मिला आश्वासन

## संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 221 मामलों में से 44 का किया गया निस्तारण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : जनपद को चारों तहसील मुख्यालयों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। न्याय की उम्मीद में पहुंचे फरियादियों को एक बार फिर से आश्वासन से काम चलाना पड़ा। कुल 221 मामले आए, जिसमें से महज 44 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया है। रुधौली कार्यालय के अनुसार कमिश्नर गोविंद राजू एनएस व डीआइजी आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 42 मामले आए, जिनमें से नौ का ही निस्तारण हो सका। शेष मामले को संबंधित विभाग को निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। एडीएम कमलेश व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र कुमार चौधरी, एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केसरी नंदन तिवारी, पूर्ति निरीक्षक, खंड विकास



हर्रैया तहसील मे संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियाद सुनती डीएम प्रियंका निरंजन • जागरण

अधिकारी सुनील कुमार कौशल व प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

**हर्रैया में डीएम ने सुनी फरियाद**

**बस्ती** : हर्रैया तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में हुई। कुल 80 मामले आए, जिनमें 20 का मौके पर ही निस्तारण हो सका। जिलाधिकारी ने पैमाइश एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल न्याय दिलाए। सीडीओ राजेश प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, एसडीएम गुलाबचंद, सीओ शेषमणि उपाध्याय, तहसीलदार इंद्रमणि तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

तहसील दिवस समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. इंद्रजीत प्रजापति के साथ हर्रैया मुख्यालय पर निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास का निरीक्षण किया। संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार से छात्रावास के भवनों के बारे में जानकारी ली। मानकविहीन कार्य देख कर डीएम ने नाराजगी जताई। डीएम ने विभागीय अधिकारी को जांच कर एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाने के लिए निर्देशित किया।

**85 मामलों में से नौ का हुआ निस्तारण** : सदर तहसील सभागार में एसडीएम सदर शैलेश दूबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 85 मामले आए। जिनमें से नौ का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान मौजूद रहे।

**भानपुर में सिर्फ छह मामले निपटाए गए**

**भानपुर**: भानपुर में उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 14 मामलों में से 6 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# ट्रेन के नीचे गिरे यात्री को आरपीएफ कर्मियों ने बचाया

**पुरानी बस्ती :** शनिवार को बस्ती रेलवे प्लेटफार्म नम्बर एक के अप ट्रैक पर रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस बस्ती रेलवे स्टेशन से जैसे ही चली कि तभी जनरल बोगी में चढ़ रहे 30 वर्षीय संतोष कुमार कसौधन पुत्र रघुराई कसौधन निवासी सरयू नगर नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर का पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे चले गए। वहां डियूटी कर रहे आरपीएफ स्टाफ की नजर पड़ी तो उनके द्वारा शोर मचाने पर ट्रेन रोक दी गई। आरपीएफ प्रभारी संजय कुमार मिश्रा व उनकी टीम ने संतोष को बाहर निकाला। (जासं)

# फोन पर दी धमकी, केस

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर महरीखावां निवासी आदर्श सिंह ने आरोप लगाया है कि पुराने विवाद में विपक्षी ने कॉल की। कहा कि आपके खिलाफ कोर्ट के आदेश पर गोरखपुर में मुकदमा दर्ज है। जब बात की तो अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने संतकबीरनगर के बखिरा थाना अंतर्गत बढ़या बाबू निवासी आकाश सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

amarujala.com

# चार जिला बदर समेत 19 आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** शुक्रवार रात चलाए गए अभियान के तहत अलग-अलग थानों की पुलिस ने चार जिला बदर समेत 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 15 वारंटी शामिल हैं।

पुरानी बस्ती पुलिस ने चार जिला बदर आरोपियों को शनिवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए जिला बदर आरोपियों में तावेद, जावेद, परवेज व नफीस उर्फ बबलू निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती शामिल हैं। वहीं विभिन्न मामलों में वारंटी साजिद अली, पठान टोला, शशिपाल यादव पठान टोला, इश्तियाक अहमद खुटहना, सत्येंद्र कुमार कन्नौजिया पठान टोला को भी गिरफ्तार किया।

वाल्टरगंज पुलिस ने राम कुमार निवासी कोइलसा, राजवंत निवासी गौरा, रामकरन निवासी गौरा, रामकृष्ण उर्फ मेधेर निवासी गौरा, संदीप सिंह निवासी दौलतपुर को भी गिरफ्तार किया। संवाद

# तीन करोड़ के टैक्स का बोझ ढो रहे दो हजार वाहन

## एआरटीओ ने जारी किया नोटिस, न जमा करने पर पंजीयन होगा निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के दो हजार व्यावसायिक वाहनों पर तकरीबन तीन करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। ये वे वाहन हैं, जो 50 हजार रुपये व उससे अधिक के बकाएदार हैं।

इसके लिए एआरटीओ ने नोटिस जारी करते हुए 15 दिन की मोहलत दी है। ऐसा न होने पर वाहन का पंजीयन निलंबित व निरस्त करने के लिए नोटिस देते हुए आरसी जारी करने की चेतावनी दी है। दूसरी तरफ 50 हजार से कम बकाया वाले वाहनों को सप्ताह भर का समय देते हुए टैक्स जमा करने की हिदायत दी है।

अधिकारियों के अनुसार, जेसीबी, क्रेन व निर्माण में लगे वाहनों के मालिकों को भी हिदायत दी गई है कि यदि वे समय से टैक्स की अदायगी नहीं करेंगे तो पंजीयन निलंबित व निरस्त करने की प्रक्रिया चालू कर दी जाएगी।

इसके साथ ही कृषि कार्यों को करने के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर और ट्रॉली पर यदि सवारियों को ढोया गया तो उनका भी पंजीयन निरस्त करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### *पुलिस टीम के साथ की जाएगी कार्रवाई*

*एआरटीओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार जिले की पुलिस टीम के साथ सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और वाहनों की जांच करके अवैध तरीके से चलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।*

# एएसपी, एसडीएम से वार्ता के बाद खत्म हुआ धरना

## मुकदमा दर्ज होने पर मुंडेरवा थाने में धरना दे रहे थे भाकियू कार्यकर्ता, बिजली कनेक्शन काटने पर जेई से हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**मुंडेरवा।** बिजली का कनेक्शन काटकर केबल उठाकर ले जाने के मामले पर मुंडेरवा थाने में चल रहा धरना शुक्रवार को आधी रात को समाप्त हुआ। एएसपी दीपेंद्र चौधरी और एसडीएम सदर शैलेंद्र कुमार दूबे की मध्यस्थता से भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

मुंडेरवा थाने के खजौला गांव में शुक्रवार को बिजली बिल बकाए की वसूली के लिए चल रहे अभियान में देवतहरा विद्युत उपकेंद्र के जेई मनोज कुमार गुप्ता ने विनोद चौधरी, अमरजीत के घर का कनेक्शन कटवा दिया और केबल ले जाने लगे। इस पर विवाद हो गया। उसके बाद जेई मनोज कुमार गुप्ता ने मुंडेरवा थाने में विनोद चौधरी, रवि चौधरी व अमरजीत के अलावा 10-12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

इसकी जानकारी होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मुंडेरवा थाने पर पहुंच गए और धरना शुरू कर दिया। किसान यूनियन के लोगों का कहना था कि जेई के ऊपर भी केस दर्ज हो या मुकदमा वापस लिया जाए।

इसकी सूचना पर देर रात थाने पर पहुंचे एसडीएम सदर शैलेंद्र कुमार दूबे और एडिशनल एसपी दीपेंद्र चौधरी ने भाकियू कार्यकर्ता से बात कर धरना समाप्त कराया। भाकियू मंडल महासचिव शोभाराम ठाकुर ने बताया कि विनोद और अमरजीत को रात में ही छोड़ दिया गया। इसके अलावा, अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले में जांच कर जेई पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भाकियू प्रदेश सचिव दिवान चंद्र पटेल, पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चौधरी, रामकेवल चौधरी, जयराम आदि मौजूद रहे।

# बिजली आपूर्ति में सुधार कराने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए भाकियू टिकैत गुट के किसानों ने तहसील अध्यक्ष श्याम नरायन सिंह के नेतृत्व में एसडीएम गिरीश कुमार झा को ज्ञापन दिया। किसानों ने मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली आपूर्ति के समय में सुधार कराई जाए।

कहा कि भानपुर और रूधौली में रात आठ बजे के बाद ही बिजली आती है। किसानों के कनेक्शन को न काटे जाएं, बल्कि कैंप लगाकर बिल की वसूली की जाए। कहा कि रामनगर ब्लॉक के परसोहिया गांव में दुर्गा मंदिर के पास लगा हैंडपंप वर्षों से खराब है। उसे तत्काल ठीक कराया जाए। गेहूं की बुवाई को देखते हुए किसानों को उचित मूल्य पर डीएपी खाद और गेहूं के बीज को उपलब्ध कराए जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज सहित शीघ्र कराया जाए। इस मौके पर कन्हैया प्रसाद, कमल कुमार, ऋषभ चौधरी, रामनयन, भागीरथी, राम भजन, रामशब्द आदि मौजूद थे।



किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते भाकियू टिकैत गुट के किसान। संवाद

### समस्याओं के समाधान के लिए भाकियू ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 06-11-2022

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

**खेसरहा(एसएनबी)।** खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम करमा निवासी आईटीआई छात्र शैलेष यादव पर घात लगाकर जानलेवा हमला करने वाले आरोपित दो सगे भाइयों में से एक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के करमा निवासी आइटीआइ के छात्र शैलेष यादव का गांव के ही शिवम तथा शिवांश पुत्रगण राजेश त्रिपाठी ने गाँव के बाहर घात लगाकर उस समय गला रेत दिया जब वह पढने जा रहा था।

तहरीर के अनुसार आरोपितों के विरुद्ध थाने पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपियों की तलाश में लग गई थी। जिसमें से एक आरोपी शिवम त्रिपाठी पुत्र राजेश त्रिपाठी को पुलिस ने लगभग चौबीस घंटे में मरवटिया बाजार के बगल नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाने पर मु0अ0सं0 178ध्2022 धारा 307, 504 प्च्ब् से संबंधित पंजीत है जिसमें से आरोपी शिवम त्रिपाठी को थाने के उ0नि0 शिवकुमार यादव तथा ब्रहमदेव यादव द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया! घायल छात्र का इलाज गोरखपुर में चल रहा है।

# ग्रामीणों ने सीओ चकबंदी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, कार्रवाई की मांग

**तहसील सभागार में ग्रमीणों व महिलाओं द्वारा किया गया विरोध प्रदर्शन**

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज तहसील प्रांगण में शनिवार को तहसील के ग्राम राजपुर के ग्रामीणों ने सीओ चकबंदी कार्यालय के सामने भारी संख्या में उपस्थित होकर सीओ चकबंदी के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए उन पर चकबंदी के नाम पर धन उगाही का आरोप लगाया है। इस दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती-पत्र लिखकर मामले से अवगत कराते हुए कहां कि हमारे गांव में चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है जिसको लेकर हम लोगों ने चकबन्दी अधिकारी शिवमूर्ति कुशवाहा से डुमरियागंज से मिलकर मांग किया गया कि पहले बंदोबस्त हो, जिसपर चकबन्दी अधिकारी द्वारा प्रति व्यक्ति बीघा तीस हजार रूपये के हिसाब से बंदोबस्त के नाम पर मांग किया गया। जिस पर हम लोगों ने किसी भी प्रकार से पैसे की व्यवस्था करके चकबन्दी अधिकारी को दिया। परन्तु चकबन्दी अधिकारी महोदय द्वारा न तो बन्दोबस्त किया गया और न ही पैसे वापस किया गया। हमारे द्वारा पूछने पर जवाब मिल रहा है कि जिलाधिकारी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ किया गया है। ऐसे में गांव वालो की मांग है कि चकबन्दी प्रक्रिया को रोककर पहले बंदोबस्त किया जाये फिर चकबन्दी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। साथ ही चकबन्दी अधिकारी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कानूनी कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों का पैसा वापस किया जाए। पीड़ितों का कहना है कि चकबन्दी अधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया जाये तथा जब-तक बंदोबस्त न हो तब तक चकबन्दी प्रक्रिया को स्थगित कर दिया जाये। जिससे कास्तकारों को न्याय मिल सके। इस दौरान रामनरेश, बृजलाल, मनोज मौर्या, शिव प्रसाद, तुलाराम मौर्य, जौहर अली, मोहम्मद तुफैल, समझावन, बैतुल्लाह आदि उपस्थित रहे। इस बारे में चकबन्दी सीओ का कहना है कि उनपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।



तहसील सभागार के सामने विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो : एसएनबी

# बच्चों को बालश्रम, यौन शोषण, लिंग भेद व साइबर क्राइम से बचाव की दी गयी जानकारी

**श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाएं व बाल श्रम कानून पर हुई चर्चा**

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के बाल तस्करी से आजादी कार्यक्रम के तहत बाल कल्याण समिति सिद्धार्थनगर के द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्लान इंडिया और प्रकाशनी ग्राम एवं नगर विकास संस्थान के सहयोग से बाल शिक्षा सदन कन्या इन्टर कालेज में बच्चों को बालश्रम, यौन शोषण, लिंग भेद आदि मुद्दों पर जागरूक करने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थनगर, महिला थाना प्रभारी, बाल कल्याण समिति, प्लान इंडिया, प्रकाशनी ग्राम एवं नगर विकास संस्थान के द्वारा बालश्रम की योजनाओं, महिला सुरक्षा, लिंग भेद व साइबर क्राइम पर बच्चों को जागरूक किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की शुरुआत की गई बाल कल्याण समिति के तरफ से बच्चों को समिति के कर्तव्यों के बारे में बताया गया। महिला थाना प्रभारी के द्वारा बच्चियों को 1090 व मिशन शक्ति के बारे में बताया गया। सहायक श्रमायुक्त द्वारा श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाएं व बाल श्रम कानून पर चर्चा किया गया। प्लान इंडिया के समन्वयक द्वारा बच्चियों को लिंग आधारित शोषण पर चर्चा किया गया तथा इसके साथ आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। प्रकाशनी ग्राम एवं नगर विकास संस्थान के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। बच्चियों ने बहुत से सुझाव भी दिए कि लिंग भेद हमे अपने घर से खत्म करना होगा।कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थनगर श्रीमती सुमन, महिला थाना प्रभारी श्रीमती मीरा चौहान, बाल कल्याण समिति सदस्य, प्लान इंडिया से प्रसून शुक्ल, प्रधानाचार्य रेखा गुप्ता, प्रकाशनी ग्राम एवं नगर विकास संस्थान से अश्वनी श्रीवास्तव, मुस्कान, प्रांजुल आदि उपस्थित रहे।



छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करते समिति के लोग। फोटो : एसएनबी

# संपूर्ण समाधान में नहीं पहुंचे डीएम, मायूस लौटे फरियादी

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस डीएम की अध्यक्षता में होना था। लेकिन अपरिहार कारणों से वह समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके। जिस पर डीएम को फरियाद सुनाने आए फरियादी मायूस हो गए। समाधान दिवस में आए मात्र 35 प्रार्थना पत्रों में मौके पर 3 का निस्तारण हुआ।

> 35 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर महज 3 का हुआ निस्तारण

उच्चाधिकारियों के न आने से जो अधिकारी आए थे। उनमें अधिकांश समय से पहले ही वापस चले गए। उपजिलाधिकारी कुणाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस की प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कहा कि जिन शिकायतों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है, संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ जल्द ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उपजिलाधिकारी कुणाल कुमार के सामने आये कुल 35 मामलों में राजस्व के 25, पुलिस के 3, विकास के 1 व 6 अन्य शिकायती पत्र आए। जिनमें राजस्व के 3 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज, खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर, खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज, खंड विकास अधिकारी भनवापुर, तहसीलदार अरुण कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार आनंद ओझा, श्रवण तिवारी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां, संजय मिश्रा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज आदि उपस्थित रहे।

# चिंताजनक : जिले में 10 माह में सड़क हादसों में 97 ने गंवाई जान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। यातायात नियमों की जानकारी नवंबर माह में देने वाली पुलिस 11 महीने आराम करती है। अगर वह पूरे साल जागरूकता अभियान चलाए तो मुमकिन है सड़क दुर्घटनाएं कम हो जाएं और जान गंवाने व घायलों की संख्या में कमी आ जाए।

अगर बीते 10 माह के आंकड़ों पर गौर करें तो छोटे से जिले के लिए इतनी सड़क दुर्घटनाएं बड़ी बात है। बीते 10 माह में जिले में 148 सड़क हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में 97 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। 10 माह में ही 97 की सड़क दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा साल बीतते-बीतते शतक लगा सकता है। पूरे 11 माह आराम फरमाने वाला आरटीओ व पुलिस नवंबर माह में जागरूकता अभियान चलाती है। वाहन चालकों के साथ स्कूली छात्र, छात्राओं को जागरूक किया जाता है। यातायात नियमों का पालन करने के साथ चालकों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट प्रयोग करने, सीमित गति से वाहन चलाने के नियम बताए जाते हैं। दुर्घटना से देर भली के पोस्टर व बैनर चस्पा किए जाते हैं। लेकिन यह जागरूकता 11 माह तक ठप पड़ी रहने व सिर्फ वाहनों का चालान करने की वजह से हादसों को देखते हुए कारगर होती नजर नहीं आती है। हादसों में तेज रफ्तार या खराब सड़कें कारण हो सकती हैं लेकिन पुलिस की ओर से चालान काटने के डर से भी चालक उन्हें देख कर अपने वाहनों की रफ्तार तेज कर देते हैं। पूरे साल वाहनों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में चालान काटने वाली पुलिस अगर उन्हें रोक कर जागरूक करे तो लोगों को बातें समझ में आएंगी और नियमों का पालन करते नजर आएंगे।



**11** माह आराम करता है यातायात विभाग, एक माह अभियान

■ इस साल हुए 148 सड़क हादसों में 88 हुए घायल

**तीन साल के आंकड़ों पर नजर**

| वर्ष | हादसे | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2020 | 148 | 128 | 100 |
| 2021 | 220 | 127 | 148 |
| 2022 | 148 | 88 | 97 |

> सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन कराया जा रहा है। यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई हो रही है।
> –अमित कुमार आनंद, एसपी

# छात्र को चाकू मारने का आरोपित गिरफ्तार

खेसरहा। खेसरहा थाना क्षेत्र के करमा गांव में छात्र पर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस ने गांव के ही शिवम त्रिपाठी को मरवटिया बाजार स्थित सरयू नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आशनाई के विवाद में गांव के ही दो भाइयों ने स्कूल जा रहे आइटीआइ छात्र के गले में चाकू से हमला कर दिया था। घायल का गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष भानूप्रताप सिंह ने कहा कि आरोपित शिवम को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार चल रहे शिवांश की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है।

# न्याय की आस लेकर लौटे 166 फरियादी

**समाधान दिवस**

- कुल 173 मामले आए थे, मौके पर सिर्फ सात मामले निस्तारित
- शेष मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए गए निर्देश



नौगढ़ तहसील में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जनसुनवाई करते एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव। ● हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 173 फरियादी आए। त्वरित न्याय की आस लिए पहुंचे इन फरियादियों में से सिर्फ सात को ही मौके पर न्याया मिल सका। बाकी 166 को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर बैरंग वापस कर दिया गया।

नौगढ़ तहसील में एसडीएम सदर प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 48 मामले आए। मौके पर दो का समाधान कर दिया गया। शेष 46 मामलों को संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर सीओ अखिलेश वर्मा, तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, बीडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। बांसी तहसील में एसडीएम प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां 25 मामले आए। इसमें से दो का निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ देवी गुलाम सिंह, खंड विकास अधिकारी सतीश सिंह, कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। इटवा तहसील सभागार में सीडीओ जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 34 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। उम्मीद लेकर आए फरियादी मायूस होकर सिर्फ आश्वासनों का जुमला लेकर वापस घर लौट गए। यहां एसडीएम विकास कश्यप, तहसीलदार धर्मवीर भारती, आदि मौजूद रहे। शोहरतगढ़ में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 31 मामले आए। इसमें एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। यहां तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, थानाध्यक्ष पंकज पांडेय, राजस्व निरीक्षक शारदा प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे।

**तीन मामलों का निस्तारण:** डुमरियागंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान का आयोजन एसडीएम कुणाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें पेश 35 मामलों में महज तीन का मौके पर निस्तारण किया जा सका। बाकी शिकायतकर्ताओं को आश्वासन देकर घर लौटा दिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल, बीडीओ अमित सिंह, तहसीलदार अरुण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एसएसबी ने 15 बोरी खाद पकड़ी

ककरहवा। एसएसबी 66वीं बटालियन सीमा चौकी हरिबंशपुर के जवानों ने गश्त के दौरान शनिवार को नेपाल सीमा पर 15 बोरी खाद बरामद की। बरामद खाद को ककरहवा कस्टम के हवाले कर दिया गया है।

## 172 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने व यातायात नियमों का उलंघन करने पर 172 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.87 लाख रुपये शमन शुल्क वसूलने की कार्रवाई की।

# अपहरण व हत्या करने के आरोप में उम्रकैद

सिद्धार्थनगर। अपहरण कर हत्या करने वाले आरोपी सहजन उर्फ साजन को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या एक ने शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपित पर 20 हजार का जुर्माना लगाया है।

सहजन उर्फ साजन पुत्र जोखन निवासी भुतहवा थाना ढेबरुआ के खिलाफ थाने में धारा 363, 302, 201 व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत 2013 में केस दर्ज किया गया था। गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर मामला सही मिलने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या एक ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने आरोपी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### महदेवा बुजुर्ग गांव में अपहरण की नाकाम कोशिश, केस दर्ज

# मासूम के अपहरण की कोशिश, मां पर हमला

**दुस्साहस**

- बेटी को छुड़ाने के लिए अपहर्ता से भिड़ी मां पर किया हमला, ऊपर का होट कटा
- एसपी ने हमला करने वाले की गिरफ्तारी एवं खुलासे के लिए लगाईं तीन टीमें



**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** सिद्धार्थनगर में सदर थाना क्षेत्र के महदेवा बुजुर्ग गांव में एक महिला की तीन साल की मासूम बेटी का अपहरण करने पहुंचे एक व्यक्ति ने नाकाम होने पर बच्ची की मां पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

हमले में महिला का ऊपरी होंठ कट कर अलग हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुट गई है।

महदेवा बुजुर्ग गांव निवासी अच्छे लाल ने सदर थाना पर दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे उसकी बेटी लक्ष्मी देवी पत्नी शिवकुमार घर के बगल की गली में तीन साल की अपनी बेटी नयना को शौच कराने गई थी। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा और नयना को अपहृत कर भागने की कोशिश करने लगा। बेटी को अपहर्ता के चंगुल से छुड़ाने के लिए लक्ष्मी उससे भिड़ गई और बच्ची को छीन लिया। इस बीच अपहरण में नाकाम होता देख अपहर्ता ने किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे बच्ची की मां होठ का ऊपरी हिस्सा कट कर अलग हो गया।

शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, तब तक अपहर्ता फरार हो चुका था। घायल महिला को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है। जल्द ही खुलासा हो जाएगा।

## एसपी ने दिए जल्द खुलासा करने के निर्देश

बच्ची के अपहरण की कोशिश व उसकी मां पर धारदार हथियार से हमला करने वाले की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने पुलिस की तीन टीमें लगाई हैं। सदर थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस को लगाते हुए जल्द ही खुलासा का निर्देश दिया गया है।

# महिलाओं ने चकबंदी अधिकारी को घेरा

### बंदोबस्त के नाम पर धन उगाही का आरोप, तहसील सभागार में घुस अधिकारी ने बचाई जान

- अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- चकबंदी अधिकारी ने कहा महिलाएं बहकावे में आकर रहीं प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** ग्राम पंचायत राजपुर की महिलाओं ने शनिवार को डुमरियागंज के चकबंदी अधिकारी को घेर लिया। आरोप लगाया कि उक्त अधिकारी भूमि बंदोबस्त के नाम पर रुपये ले लिया। लेकिन कोई काम नहीं किया न ही धन वापस कर रहे हैं। महिलाओं से घिरे अधिकारी ने तहसील सभागार में घुस कर अपनी जान बचाई। घटना के बाद महिलाओं ने सभागार के बाहर प्रदर्शन करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

समाधान दिवस में डीएम व अन्य आला अधिकारियों के पहुंचने की सूचना थी। राजपुर तप्पा करही से बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी फरियाद लेकर पहुंची थीं। कहना था कि उनके गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारी से मांग किया कि पहले बंदोबस्त के प्रपत्र तैयार किए जाएं, जिस पर चकबंदी अधिकारी ने प्रति बीघा तीस हजार रुपये की मांग की। हम लोगों ने किसी प्रकार व्यवस्था करके रुपये दिया। अधिकारी ने न तो बंदोबस्त किया और न ही पैसा वापस कर रहे हैं। समाधान दिवस में डीएम के आने का इंतजार कर रहीं महिलाओं की नजर जब चकबंदी अधिकारी पर पड़ी तो उन्हें घेर लिया। बातचीत होने लगी तो अफसर ने तहसील सभागार में पहुंचकर अपनी जान बचाई। बाद में महिलाओं ने प्रदर्शन कर डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। चकबंदी शिवमूर्ति कुशवाहा ने कहा कि उक्त गांव की महिलाएं एक व्यक्ति के बहकावे में आकर उन्हें घेर लिया। उन्होंने सभागार में पहुंचकर जान बचाई, उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। पैसे के लेनदेन का आरोप निराधार है।



चकबंदी अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करती पुरुष व महिलाएं • जागरण

# बाल अपचारी को तीन वर्ष की सजा

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : आपरेशन शिकंजा के तहत मिश्रौलिया थाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से पाक्सो एक्ट का आरोपी बाल अपचारी को तीन वर्ष विशेष गृह भेजने व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले के संबंध में शनिवार को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय ने अपना फैसना सुनाते हुए आरोपित को तीन वर्ष तक विशेष गृह भेजने का आदेश दिया। सजा के लिए पैरवी करने में मनीषा सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी, न्यायालय पैरोकार व मिश्रौलिया थाना का योगदान रहा।

# बालिकाओं को शोषण के प्रति किया जागरूक

जासं,सिद्धार्थनगर : राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के बाल तस्करी से आज़ादी कार्यक्रम के तहत बाल कल्याण समिति की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाल शिक्षा सदन कन्या इंटर कालेज में छात्राओं को बालश्रम, यौन शोषण, लिंग भेद आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बाल कल्याण समिति के तरफ से बच्चों को समिति के कर्तव्यों के बारे में बताया गया। महिला थाना प्रभारी ने छात्राओं को 1090 व मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# हत्यारोपित को आजीवन कारावास की सजा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** आपरेशन शिकंजा के तहत ढेबरूआ थाना पुलिस की प्रभावी पैरवी के आधार पर अपहरण कर हत्या करने वाले आरोपी सहजन उर्फ साजन को आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले को लेकर ढेबरुआ थाने में भुतहवा निवासी सहजन उर्फ़ साजन के खिलाफ अपहरण, हत्या, शस्त्र अधिनियम सहित अन्य मामलों में प्रभावी पैरवी की गई। इसका परिणाम यह रहा कि सिद्धार्थनगर न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश ने धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 363 भादवि में पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

शस्त्र अधिनियम में दो वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। सजा कराए जाने में संतोष कुमार मिश्रा, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता, न्यायालय पैरोकार नसीम अहमद थाना ढेबरूआ का योगदान रहा।

# शिकायतों का त्वरित किया जाए निस्तारण : सीडीओ

## संपूर्ण समाधान दिवस में 34 मामले आए, मौके पर किसी का नहीं किया जा सका समाधान, फरियादी मायूस

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की अध्यक्षता में इटवा तहसील कार्यालय में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। शनिवार को इटवा तहसील सभागार में हुए इस कार्यक्रम में अधिकांश समय सन्नाटे की स्थिति रही। कार्यक्रम काफी फीका रहा। कुल 34 शिकायतें प्रस्तुत हुईं। मौके पर किसी का निस्तारण न होने से फरियादियों को निराश वापस लौटना पड़ा।



इटवा में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते सीडीओ जयेंद्र कुमार( मध्य में)। © जागरण

सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चले कार्यक्रम में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 17 मामले रहे। इसके अलावा पुलिस छह, विकास चार, विद्युत तीन एवं अन्य विभाग से संबंधित चार शिकायतें शामिल रहीं। संबंधित विभाग को इस आशय के साथ शिकायती पत्र सौंपा गया कि निष्पक्ष जांच करके निर्धारित समय के अंदर इसका निस्तारण किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने विभागाध्यक्षों को संबोधित करते कहा कि शासन की मंशा है कि संपूर्ण समाधान दिवस जैसे मामले में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें और फरियादियों की शिकायतें तुरंत निस्तारित की जाएं। इसमें सभी विभागाध्यक्ष गंभीर हों। जो भी मामले हों, उसमें त्वरित कार्रवाई करें। मौके पर जांच टीम भेजी जाए और निर्धारित समय के अंदर समस्याएं निस्तारित की जाएं। पीड़ितों को भी लगे कि उनके साथ न्याय हुआ है। एसडीएम विकास कश्यप, तहसीलदार धर्मवीर भारती, पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीशचंद्र, बीडीओ खुनियांव राजेश कुमार मिश्रा, बीडीओ इटवा राजकुमार, अवर अभियंता विद्युत अवनीश मिश्रा, आपूर्ति निरीक्षक जग प्रसाद, अधीक्षक डा. संदीप द्विवेदी, इटवा सीडीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आए 31 मामले, निस्तारण का एक भी नहीं: शोहरतगढ़ :** शनिवार को तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 मामले आए, जिसमें किसी का निस्तारण नहीं हो सका। इसमें राजस्व 12, पुलिस 12, विकास, समाज कल्याण, पीडब्लूडी, कृषि, बिजली, इंडो-नेपाल के एक एक मामले आए। तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, एसओ पंकज पांडेय, राजस्व निरीक्षक शारदा प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**कार्यकारिणी विस्तार को लेकर बैठक सोमवार को:** सिद्धार्थनगर, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर परिषद की बैठक सात नवम्बर को मेडिकल कालेज सभागार में होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाईके द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को होने वाली बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी तथा उनके निस्तारण को लेकर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके बाद कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर कर्मचारियों से विचार विमर्श के बाद संगठन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सभी पदाधिकारियों में भाग लेने को कहा गया है। बैठक में तहसील स्तरीय अध्यक्ष मंत्री भी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

# समाधान दिवस में तीन मामले निस्तारित

डुमरियागंज : तहसील समाधान दिवस में शनिवार को कुल 35 मामले आए। इसमें से राजस्व के 25, पुलिस के 03, विकास विभाग का एक व अन्य के छह मामले शामिल रहे। इसमें से तीन मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। अन्य शेष बचे मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस सीएमओ बीके अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। (जासं)

# आइटीआइ छात्र की हत्या के प्रयास में एक गिरफ्तार

- गांव की एक विवाहिता से आरोपितों व छात्र का चल रहा था प्रेम प्रसंग
- शुक्रवार को स्कूल जाते वक्त आरोपितों ने छात्र का रेता था गला

जासं, खेसरहा, सिद्धार्थनगर : खेसरहा थाना क्षेत्र के करमा गांव में प्रेम प्रसंग के चक्कर में आइटीआइ छात्र का दो भाइयों द्वारा चाकू से गला रेतने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। छात्र का गांव के ही एक विवाहिता से दोस्ती थी। उसी से एक आरोपित का भी संबंध था। इसे लेकर छात्र से विवाद भी चल रहा था। मौका देख शुक्रवार सुबह छात्र जब स्कूल जा रहा था तो इस घटना को अंजाम दे दिया।

घटना के बाद आरोपित शिवम व शिवांश पुत्र राजेश त्रिपाठी गांव छोड़ फरार हो गए थे। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपित शिवम त्रिपाठी पुत्र राजेश त्रिपाठी को मरवटिया बाजार स्थित सरयू नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष खेसरहा भानू प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपित शिवम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे शिवांश की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



खेसरहा पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

# नेपाल में चुनाव को लेकर 17 से 20 तक बंद रहेगी सीमा



नेपाल के भैरहवा में गार्ड आफ आनर लेते महराजगंज के डीएम सत्येन्द्र कुमार • जागरण

जासं, (भैरहवा) नेपाल: नेपाल में 20 नवंबर को प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा सदस्यों के होने वाले चुनाव को लेकर भारत से लगने वाली सीमा तीन दिन तक बंद रहेगी। शनिवार को नेपाल के रुपंदेही जिले के भैरहवा में दोनों देशों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 17 नवंबर की रात 12 बजे से 20 नवंबर की रात 12 बजे तक सीमा बंद रखने पर सहमति बनी। बैठक में भारत की ओर से महराजगंज व सिद्धार्थनगर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जिला प्रशासन कार्यालय, रुपंदेही के सूचना अधिकारी रामचंद्र आर्याल ने बताया कि निष्पक्ष वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए बैठक हुई। नेपाल की ओर से रुपंदेही के एसपी रविन्द्र रेग्मी, सुरक्षा प्रमुख, एसएसबी के अधिकारी और भारत की ओर से महराजगंज के डीएम सत्येन्द्र कुमार, एसपी डा. कौस्तुभ, सिद्धार्थनगर के प्रशासन व पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डुमरियागंज में संपूर्ण समाधान दिवस में हंगामा

## चकबंदी अधिकारी पर मनमानी का आरोप, ग्रामीणों से नोकझोंक, राजपुर के ग्रामीण ने जताई नाराजगी

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों के मनमानी का आरोप लगाने पर मौके पर मौजूद चकबंदी अधिकारी से उनकी नोकझोंक हो गई। हंगामे के बीच ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारी पर कई गंभीर आरोप लगाए।

चकबंदी अधिकारी शिव मूरत सिंह कुशवाहा ने सभी आरोपों बेबुनियाद बताते हुए ग्रामीणों पर अभद्र व्यवहार करने और मारने के लिए दौड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी डीएम को दी गई है।



चकबंदी कार्य में धन उगाही और मनमानी का विरोध जताते राजपुर गांव के लोग। संवाद

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम राजपुर में वर्ष 2013 से ही चकबंदी कार्य चल रहा है चक कटने के साथ ही आपत्ति और नोटिस जारी किया गया है। गांव के 150 से अधिक लोगों ने चकबंदी अधिकारी पर मनमानी की शिकायत दर्ज कराने के लिए शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और एसडीएम से अपनी बात कह रहे थे। वहां मौजूद सीओ चकबंदी शिव मूरत सिंह कुशवाहा ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। मामला हाथापाई और मारपीट तक पहुंचता, उससे पहले ही एसडीएम और वहां मौजूद अधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया।

राजपुर गांव के कई लोगों ने सीओ चकबंदी पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है व उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर स्थानांतरण की मांग की है। सीओ चकबंदी शिव मूरत सिंह कुशवाहा ने बताया कि राजपुर में वर्ष 2013 में चक कटा था। मामला विचाराधीन है। जब भी सुनवाई की बात होती है, ग्रामीण विरोध पर उतर आते हैं। नदी की जमीन को कुछ लोग अधिकारियों पर दबाव बनाकर अपने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं।

**महिला ने लगाया धनउगाही और छेड़खानी का आरोप :** तहसील क्षेत्र की एक महिला ने डुमरियागंज पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उससे चकबंदी अधिकारी ने 90,000 रुपये लिए हैं। काम न होने पर शनिवार को उन्होंने अपने न्यायालय में बुलाया था। चैंबर में उसके साथ गई महिलाओं के साथ उन्होंने दुर्व्यवहार किया और उनका हाथ पकड़कर छेड़खानी की। विरोध जताने पर वह भाग गए। पीड़ित महिला ने चकबंदी अधिकारी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। डुमरियागंज थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें इस तरह की कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है शिकायती पत्र मिलने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सीओ चकबंदी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया

सीओ चकबंदी शिव मूरत सिंह कुशवाहा ने बताया कि डीएम ने लंबित चकबंदी काम को दो माह में निपटाने का निर्देश दिया था। जिस पर राजपुर गांव के 200 लोगों को नोटिस और आपत्ती जारी किया गया है। उसको लोगों ने लेने से इनकार किया और आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान करीब 150 लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा और मारने-पीटने के लिए भी दौड़ाया। किसी तरह उन्होंने जान बचाई है। मामले से डीएम को अवगत करा दिया गया है। वहां से निर्देश मिलने के बाद ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों का महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप बेबुनियाद है।

### ग्रामीणों ने लगाया वसूली का आरोप

राजपुर गांव के तुलाराम, बृजलाल, मनोज मौर्य, समझावन तथा रामनरेश, रामकेर आदि ने चकबंदी अधिकारी पर मनमानी और अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। बंदोबस्त के नाम पर प्रति बीघा 30,000 रुपये वसूल करने, कई लोगों से पैसे लेने के बाद भी बंदोबस्त का काम नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पहले बंदोबस्त दुरुस्त करने और उसके बाद चकबंदी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के साथ ही सीओ चकबंदी पर कार्रवाई और डुमरियागंज तहसील क्षेत्र से तबादले की मांग की है।

किडनी डायल

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# बसों, टैम्पों, पिकप व बाइक का किया चालान

## मेंहदावल में कई स्थानों पर की छापेमारी, निर्धारित स्टैंड पर वाहन खड़ा करने की दी हिदायत

**मेंहदावल (एसएनबी)।** एआरटीओ अंजनी सिंह व एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान चला कर मेंहदावल नगर के पेट्रोल पंप तिराहा, अस्पताल तिराहा, टैक्सी स्टैंड तिराहा समेत क्षेत्र के कई प्रमुख स्थानों पर औचक छापेमारी कर अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान चलाया। इस दौरान वाहन स्टैण्ड पर गलत ढंग से दो बस, दो टेंपो, एक पिकअप समेत पांच वाहनों पर चालान की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक अपने वाहनों को लेकर भाग खड़ा हुए।

एआरटीओ व एसओ ने वाहनों का चालान करते हुए निर्धारित स्टैण्ड पर ही वाहन खड़ा करने के लिए वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिए। शनिवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी सड़क सुरक्षा जागरूकता व अवैध अतिक्रमण तथा अवैध टैक्सी स्टैण्ड पर प्रभावी कार्रवाई हेतु जारी निर्देश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव के पर्यवेक्षण में शनिवार को एआरटीओ संतकबीरनगर डा. आन्जनेय सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेंहदावल थाना क्षेत्र के में विभिन्न स्थानों पर व्यापक अभियान चलाया गया।



बसों का चालान करते एआरटीओ डा. आन्जनेय सिंह, एसओ व अन्य।

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बाजारों में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अवैध टैक्सी स्टैण्ड सहित रोड से अतिक्रमण हटवाया गया। सभी टेंपो चालकों को सार्वजनिक मार्ग तिराहों, चौराहों पर अपने टेम्पों वाहनों को न खड़ा करने व निर्धारित टैक्सी स्टैड पर ही सवारियों को बैठने व उतारने हेतु हिदायत दी गई। सार्वजनिक मार्गो पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी। सड़क पर भवन निर्माण सामग्री डाल कर अतिक्रमण करने वाले लोगों का अतिक्रमण हटवाते हुए ऐसा न करने की हिदायत भी दी गयी। साथ ही साथ अवैध रुप से सड़क पर खड़े 03 बसों, 02 टेम्पो, 01 पिकप व 05 मोटरसाइकिलों का चालान किया गया।

संतकबीरननगर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत निरंतर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अवैध वाहनों के विरुद्ध लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस मामले को लेकर आरटीओ विभाग को सूचना दी गई थी। आज एआरटीओ व मेरे मौजूदगी में संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध वाहनों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी गई है। अगर उसके बावजूद भी नियम का उल्लंघन करते हैं तो विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मेंहदावल (एसएनबी)।** जनपद में 'मिशन शक्ति अभियान' के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेहदावल पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 460/2022 धारा 363/366/376/120 (बी) भा0द0वि0 व पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त नाम पता गोलू यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी बनकसिया थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 31.10.2022 को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था व उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना मेहदावल पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपी अभियुक्त को आज दिनांक 05.11.2022 को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में उ0नि0 ओम प्रकाश यादव, हे0का0 सर्वानन्द सिंह, हे0का0 अनिल यादव शामिल रहे।

# दबिश के दौरान 18 फरार वारण्टी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलायें गये अभियान के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 07 वारण्टी अभियुक्त लालचन्द पुत्र संतराज निवासी काटगंगा, दीपक विश्वकर्मा पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी कैलाशनगर, छेदी यादव पुत्र भगवान दास निवासी गौसपुर, विदेशी पुत्र श्यामलाल निवासी गौसपुर, मुन्नर पुत्र केदार निवासी गोरयाभार, सूर्यलाल पुत्र जयराम चौधरी निवासी रकशा, हरिराम पुत्र स्व चौथी निवासी माधोपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में उनि श्याम मोहन, उनि सत्येन्द्र यादव, उनि सुरेश यादव, उनि हरेन्द्र पाठक, उनि पवन कुमार, का विनीत गिरी, का0 वीर बहादुर यादव, का सुरेश यादव, का हेमन्त कुशवाहा, का अनिल यादव का0 विकास गौड़। थाना दुधारा पुलिस द्वारा 1 वारण्टी अभियुक्त नाम कादिर पुत्र मेराज निवासी उंचहरा कला हाल मुकाम बुढ़ान नगर थाना दुधारा जनपद को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरपतार करने वाले पुलिस बल का विवरण:-' प्रभारी चौरी बाघनगर उनि श्री रजनीश राय, का प्रदीप कुमार शाह, थाना धनघटा पुलिस द्वारा 5 वारण्टी अभियुक्त रामफेर पुत्र जिलातू निवासी गायघाट, निरमल केवट पुत्र हरिचरन निवासी तेजपुर, विभीषण पुत्र अमृतलाल निवासी नरायनपुर, संजय पुत्र अमृतलाल निवासी नरायन पुर, अरुण कुमार पुत्र विन्ध्याचल निवासी अजांव थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में उ0नि0 मनोज कुमार पटेल, उनि धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, उनि अनुज कुमार यादव, उनि भोला यादव, उनि अशोक कुमार दुबे, हेका दिनेश कुमार यादव, हेंका प्रदीप सिंह, का आशुतोष सिंह, का दीपक खरवार, का0 हरीश सिंह, थाना महुली पुलिस द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्त टिंकू पुत्र कोदई पथरकट्ट निवासी नाथनगर व संतोष कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी विश्वनाथपुर थाना महुली को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में विवेकानन्द तिवारी, उ0नि0 श्री बालजीत यादव, का चन्दन यादव, का सुनील कुमार, थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा 2 वारण्टी अभियुक्त रमेश पुत्र बाबूलाल निवासी पक्का पोखरा व रमेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी बढ़या ठाठर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रवीन्द्र कुमार सिंह, वउनि राजेश यादव, हेका रामउग्रह प्रसाद, का रत्नेश सिंह, का शत्रुहन सिंह शामिल रहे। थाना बखिरा पुलिस द्वारा 1 वारण्टी अभियुक्त नाम पता जीतन उर्फ जीतू केवट पुत्र हरिराम केवट निवासी आमडांड़ थाना बेलहर कला को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में उनि अनिल प्रकाश पाण्डेय, का मनीष चौहान शामिल रहे।

# छापेमारी में वारंटी गिरफ्तार

**दुधारा (एसएनबी)।** दुधारा थाना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा के उप निरीक्षक रजनीश राय, कांस्टेबल दुर्गेश यादव, कां. प्रदीप शाह ने मुखबिर की सूचना पर बाघनगर छापा मारकर कादिर पुत्र मेराज निवासी उंचहरा कला को गिरफ्तार कर लिया है। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि उक्त वारंटी के विरुद्ध स्थानीय थाना में मु.अ.सं. 614/19 धारा 379 तथा मु.अ.सं. 2668/15 धारा 147,148,149, 323, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत था।

# बच्चों को सिखाया यातायात अनुशासन का पाठ

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात वृजेश यादव मय टीम द्वारा सिटी पब्लिक स्कूल खलीलाबाद के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए मैपल एप के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी तथा पम्पलेट प्रदान किया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात वृजेश यादव द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड न चलाने के साथ लोगों से अपील की। इस मौके पर प्रधानाचार्य शंभूनाथ पाण्डेय, एचसीपी संजय राय, हे.कां. रामप्रकाश यादव, कां. अजय पाण्डेय व यातायात के समस्त के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के एक आरोपित को दबोच कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया। थाना मेंहदावल पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धारा के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त गोलू यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी बनकसिया को गिरफ्तार किया।

उक्त अभियुक्त ने दिनांक 31 अक्टूबर को वादी की नाबालिग पुत्री को बहलाकर भगा ले गया व दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिसके संबंध में वादी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। थाना मेंहदावल पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# घायल को इलाज के लिए पहुंचाया

संतकबीरनगर। पुलिस ने सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## डीएम व एसपी ने खलीलाबाद तहसील में सुनी फरियाद, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**समाधान दिवस**

**124** शिकायतों में सिर्फ 15 का हुआ निस्तारण **43** प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए खलीलाबाद तहसील में

- एक-एक फरियादियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त किया गया
- खलीलाबाद तहसील में डीएम ने नौ मामलों का निस्तारण किया

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद की तीनों तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीएम प्रेम रंजन सिंह ने किया। इस दौरान सदर विधायक अंकुरराज तिवारी भी पहुंचे और फरियाद सुनते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। डीएम और एसपी सोनम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर डीएम ने नौ शिकायती पत्रों का निस्तारण किया तो फरियादियों के चेहरे खिल उठे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम प्रेम रंजन सिंह ने फरियादियों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी को बुलाकर तत्काल अथवा निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहाकि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति शासन बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।



खलीलाबाद तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते विधायक अंकुर राज तिवारी, डीएम प्रेमरंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार।

डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में वरासत, भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाय। साथ ही जवाबदेह लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गांवों के भ्रमण पर जाएं, अपने विभाग से संबंधित योजनाओं/कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से नौ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर अवशेष 34 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा किया गया।

एक प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ने स्वंय आगे आकर दिव्यांग एडवोकेट प्रभात से प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों के माध्यम से मामले का निस्तारण कराया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, उप जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव, तहसीलदार शेख आलम गीर मौजूद थे।

### मेंहदावल तहसील में आए 33 मामले

मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उप जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर सभी फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। वही सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेंहदावल में कुल 33 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी संबंधित विभाग को सौंपा।

### धनघटा में आए 48 मामले तीन का निस्तारण

धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। अन्य कार्रवाई आदि के शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुनें, क्योंकि शिकायतकर्ताओं/फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। कुल 48 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया।

### डीएम ने तत्काल खतौनी में दर्ज कराया नाम

संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन के दौरान एक मामले में ग्राम बालू शासन के रहने वाले हरि प्रकाश राय ने जिलाधिकारी तथा विधायक के समक्ष प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया कि उनके तथा उनके परिवार वालो का नाम खतौनी बदलते समय दर्ज होने से छूट गया है। जिसपर उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार त्रिपाठी ने राजस्व निरीक्षक कार्यालय राजेश चौधरी तथा हल्का लेखपाल अतुल त्रिपाठी को तत्काल त्रुटि सुधारने के लिए निर्देशित किया, जिस पर कार्रवाई करते हुए आवेदक हरि प्रकाश राय को त्रुटि सुधार कर खतौनी की प्रति उपलब्ध कराई गई।

---

## डीएम और एसपी ने की सराहना, राज्य स्तर पर होगा प्रदर्शन

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

- 11-11 बच्चों ने विज्ञान मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में प्रतिभाग लिया
- डीएम प्रेमरंजन ने कहा बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं निखर रही हैं

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर किया गया। इसका शुभारम्भ डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसपी सोनम कुमार ने किया। छात्रों द्वारा तैयार मॉडल की जानकारी लेते हुए डीएम ने खूब सराहा भी। इस कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लाक से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि आज यहां बच्चों द्वारा तैयार प्रदर्शनी को देख यह साबित हो गया है कि परिषदीय स्कूलों की व्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है। बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाएं निखर रही हैं। जिस तरह से बच्चों ने अपने द्वारा तैयार मॉडल की जानकारी दी है उससे उनके अंदर का आत्मविश्वास निकलकर बाहर आया है। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से क्विज प्रतियोगिता में चयनित 11-11 बच्चों ने विज्ञान मॉडल बनाकर जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग लिया। प्रदर्शनी के मूल्यांकन के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई गई थी। इसमें प्राचार्य डायट, बीएसए, जीआईसी प्रवक्ता नीतू यादव, हीरालाल इंटर कालेज के प्रवक्ता अभिषेक सिंह, डायट प्रवक्ता जितेन्द्र शामिल रहे। इन लोगों ने सूक्ष्म मूल्यांकन कर 10 श्रेष्ठ मॉडल का चयन किया। चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो, विज्ञान किट तथा पुस्तकों का सेट पुरस्कार स्वरूप दिया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।



जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के सभागार में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार।

बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि जनपद स्तर पर चयनित एक सर्वश्रेष्ठ मॉडल का प्रदर्शन राज्य स्तर पर किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक से 50-50 बच्चों को राज्य के अन्दर एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव, आशीष सिंह, जिला समन्वयक प्रशिक्षण नवीन दूबे, रजनीश वैद्यनाथ, एसआरजी भास्कर त्रिपाठी, अशोक चौहान, संजय द्विवेदी, एआरपी मनोज पाण्डेय, हरिप्रकाश पाठक, जीतेन्द्र कुमार, इन्दुधर मिश्र, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# भूमि विवाद में मारपीट का मुकदमा दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के शिवापार निवासी शनि यादव ने गांव में पुराने भूमि विवाद में गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शनि यादव ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उसकी जमीन सम्बन्धी पुरानी रंजिश है।

5 नवम्बर को सुबह आठ बजे उसे, पिता व चाचा को अपशब्द कहा। लाठी-डंडा से मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धर्मेंद्र, राहुल सुशीला व प्रीतम निवासी शिवापार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्रों को किया गया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद की यातायात पुलिस ने यातायात माह में शनिवार को सिटी पब्लिक स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। छात्रों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव की टीम ने बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक कर मैपल एप के सम्बन्ध में जानकारी दी।

छात्रों के बीच यातायात नियम से संबंधित पम्पलेट वितरित किया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरूक करने का आह्वान किया।

# डेढ़ दर्जन वारंटियों को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निसं। जिले में वांछित व कोर्ट में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों पर जारी गैर जमानती वारंट में फरार चल रहे डेढ़ दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार किया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारंटी लालचन्द निवासी काटगंगा, दीपक विश्वकर्मा निवासी कैलाशनगर, छेदी भगवानदास व विदेशी निवासी गौसपुर, मुन्नर पुत्र केदार निवासी गोरयाभार, सूर्यलाल निवासी रकशा, हरिराम निवासी माधोपुर को पकड़ा। थाना दुधारा पुलिस ने वारण्टी कादिर निवासी उचहरा कला हाल मुकाम बूढ़ाननगर, धनघटा पुलिस ने वारण्टी रामफेर निवासी गायघाट, निरमल केवट निवासी तेजपुर, विभीषण व संजय निवासी नरायनपुर, अरुण निवासी अजांव को पकड़ा। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी टिन्कू निवासी नाथनगर, मेहदावल पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त रमेश पुत्र बाबूलाल निवासी पक्का पोखरा व थाना बखिरा पुलिस ने वारण्टी जीतन उर्फ जीतू केवट निवासी आमडांड़ थाना बेलहरकला को गिरपतार किया।

# एआरटीओ ने 11 वाहनों का किया चालान

## कार्रवाई

संतकबीरनगर/मेंहदावल, हिटी। संभागीय परिवहन व पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को जांच अभियान चलाया। मेंहदावल बस स्टैंड के आसपास अवैध रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई की। 11 वाहनों का चालान किया। पुलिस व संभागीय टीम ने चेकिंग के दौरान सड़क के किनारे से अमिक्रमण हटवाकर वाहन चालकों को अपने वाहन निर्धारित स्टैण्ड में ही पार्क करने का निर्देश दिया।



मेंहदावल में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई करते एआरटीओ व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम।

अवैध अतिक्रमण तथा अवैध टैक्सी स्टैंड पर प्रभावी कार्रवाई को उच्च स्तर से जारी निर्देश के अनुपालन में मेंहदावल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया।

एआरटीओ डॉक्टर अंजनेय सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेंहदावल थाना क्षेत्र के में विभिन्न स्थानों पर व्यापक अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैण्ड सहित रोड से अतिक्रमण हटवाया गया। इस दौरान अवैध रूप से खड़े तीन बसों, दो टेम्पो, एक पिकप और पांच बाइकों का चालान किया गया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ व प्रभारी यातायात संयुक्त टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की।

# पति-पत्नी विवाद को सुलझाया

संतकबीरनगर महिला रिपोर्टिंग चौकी थाना धनघटा पर एसआई गौरी शुक्ला की अगुवाई में पुलिस टीम ने लंबे समय से पति-पत्नी और ससुराली जन में विवाद को सुलझाया। प्रथम पक्ष वंदना देवी निवासी दीपपुर थाना धनघटा, द्वितीय रंजीत निवासी सिंघौरा थाना बेलघाट जिला गोरखपुर हैं।

# पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़े 18 वारंटी

संतकबीर नगर : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया तथा 18 वारंटियों को धर दबोचा। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा सात वारंटी लालचन्द, दीपक विश्वकर्मा, छेदी यादव, विदेशी, मुन्नर, सूर्यलाल और हरिराम को गिरफ्तार किया गया। दुधारा पुलिस ने कादिर को, धनघटा पुलिस द्वारा रामफेर, निर्मल केवट, विभीषण, संजय और अरुण कुमार को गिरफ्तार किया गया। महुली पुलिस ने टिंकू व संतोष कुमार को पकड़ा। मेंहदावल पुलिस ने रमेश और ओमप्रकाश को तथा बखिरा पुलिस ने जीतन उर्फ जीतू केवट को गिरफ्तार किया।

# मां-बेटे को भगाने के बाद उड़ाया सामान

- घर पर चढ़कर मनबढ़ों ने पीड़िता को पीटने की दी थी धमकी
- पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध किया मुकदमा, जांच के बाद कार्रवाई

जागरण संवाददाता, धनघटा: कोडरा गांव निवासी महिला और उसके बेटे को पीटने की धमकी देकर घर से भगाने के बाद गांव के ही लोगों द्वारा घर में घुसकर चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ज्ञानपति देवी का आरोप है कि उनका छोटा बेटा धर्मेंद्र रोजी रोटी की व्यवस्था में बाहर रहता है। वह कुछ दिन पहले कमाकर घर आया था। वह बभनौली चौराहे पर सामान खरीदने गया था। जब वह वापस घर लौट रहा था तो गांव के कुछ लोगों ने रास्ते में घेर लिया। उसे पीटने की धमकी देकर इतना डरा दिए कि वह घर न आकर खलीलाबाद रिश्तेदार के घर चला गया। बीते 30 सितंबर को उनके घर पर चढ़कर मनबढ़ों ने पीटने की धमकी दी। डरकर वह भी रिश्तेदारी में चली गई। जब घर खाली हो गया तो आरोपितों ने घर में रखा गया रुपया, जेवर, कपड़ा, बर्तन गायब कर दिया। जानकारी होने के बाद घर लौटी तो सारा सामान गायब था। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि कृष्णधर उर्फ किलकिल, अंकुर, लवकुश और अजय के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# अवैध स्थानों पर खड़े वाहन हटवाए

## आरटीओ व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर वाहनों के विरुद्ध की कार्रवाई

- सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़ा होने से आवागमन हो रहा था बाधित
- सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़े किए तो किया जाएगा सीज

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर: सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से जगह-जगह बिना पार्किंग के खड़े किए गए वाहनों के विरुद्ध आरटीओ व पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर शनिवार को कार्रवाई की। इस दौरान 10 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों से वाहनों को हटवाया। एआरटीओ आन्जनेय सिंह व मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने मेंहदावल के रोडवेज तिराहा, अस्पताल तिराहा सहित अन्य स्थानों पर अभियान चलाया। सभी छोटे बड़े वाहनों की जांच की गई। इस दौरान अवैध रूप से खड़े किए गए दो बस, दो टेंपो, एक पिकअप सहित दो अन्य वाहनों का चालान किया गया।

वाहन संचालकों को इस दौरान ताकीद किया गया कि तय किए गए स्टैंड पर ही वाहन खड़े किए जाएं। अगर भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़े किए गए मिले तो सभी वाहनों को सीज किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मेंहदावल कस्बे में अक्सर वाहनों के गलत स्थान पर खड़े होने के कारण जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। पुलिस भविष्य में भी लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करेगी।



मेंहदावल के रोडवेज तिराहे पर वाहनों की जांच करते एआरटीओ आन्जनेय सिंह • जागरण

# भूमि विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

जासं, बखिरा : शिवापार निवासी शनि यादव ने गांव में भूमि की पुरानी रंजिश की वजह से गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दंपती समेत चार पर केस दर्ज किया है। शनि यादव ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उसका भूमि विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह आठ बजे उनके पिता दुखहरन व चाचा लक्ष्मण को गाली देने के साथ ही आरोपितों ने पीटने के बाद जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# स्कूली बच्चों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

जासं, संतकबीर नगर : यातायात के नियम दुर्घटनाओं से बचाव के माध्यम होते हैं। खुद की सुरक्षा और परिवार की खुशियों के लिए सभी को इसका कड़ाई से पालन करना चाहिए। बच्चों को माता-पिता अभिभावकों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। शहर के सिटी पब्लिक स्कूल में शनिवार को यातायात प्रभारी बृजेश यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य शंभू पांडेय ने बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। बृजेश यादव ने कहा कि नींद, नशा और रफ्तार ही दुर्घटनाओं के मुख्य कारक होते हैं। सड़क पर चलने के दौरान सभी को बाईं तरफ चलने के साथ ही वाहनों से चलने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

## दुष्कर्मी दबोचा गया

संतकबीर नगर : पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार यादव के निर्देशन में दुष्कर्म, पास्को एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गोलू यादव निवासी बनकसिया थाना मेंहदावल को गिरफ्तार किया गया। वह एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। (जासं)

## शांतिभंग में छह गिरफ्तार

संतकबीर नगर : विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में छह आरोपितों को पकड़ा। कोतवाली पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने एक व धनघटा पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। (जासं)

# बच्चों को सिखाया गया यातायात नियमों के पालन का पाठ

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश व सीओ यातायात अंबरीष सिंह भदौरिया के पर्यवेक्षण में चल रहे यातायात माह के तहत शनिवार को प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव व टीम ने सिटी पब्लिक स्कूल खलीलाबाद के बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही मैपल एप के संबंध में जानकारी प्रदान की।

प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने की अपील की।

कहा कि अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सिटी पब्लिक स्कूल शंभूनाथ पांडेय, संजय राय, रामप्रकाश यादव, अजय पांडेय आदि मौजद रहे। संवाद

# एआरटीओ व पुलिस ने चलाया अवैध स्टैंडों के विरुद्ध अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल।** शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित अवैध टैक्सी स्टैंडों व वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। जहां अवैध स्टैंडों को बंद करने के निर्देश दिए गए। वही पांच अवैध वाहनों का चालान किया गया।

एआरटीओ आंजनेय सिंह व एसओ रविंद्र सिंह के नेतृत्व में मेंहदावल नगर पंचायत के मेंहदावल खलीलाबाद टैक्सी स्टैंड, सीएचसी तिराहा व पेट्रोल पंप तिराहा समेत अन्य टैक्सी स्टैंडों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध रुप से संचालित टैक्सी स्टैंडों पर खडे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित टैंक्सी स्टैंडों के अतिरिक्त अवैध रुप से संचालित टैक्सी स्टैंड सीएचसी तिराहा को बंद करने का निर्देश दिया गया। एआरटीओ आंजनेय सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान अवैध रुप से खडे दो बसों तथा दो टैंपों तथा एक पिकअप वाहन का चालान किया गया।



मेंहदावल में वाहनो की जांच करते एआरटीओ। संवाद


OM GROUP OF COLLEGES

Onward Roorkee 01 Km. From Patanjali Yogpeeth, Near Crystal World, Roorkee - Haridwar, N.H.-SB, Panchayanpur, P.O. Daulatpur, Roorkee (Haridwar)

Email id: om.college@rediff.com, Website: www.omcollege.org, Ph. 01332-239040

VACANCY

| SR No. | POST | DEPARTMENT | QUALIFICATION |
|---|---|---|---|
| 1 | ADMIN OFFICER | ADMIN | POST GRADUATE IN MANGEMENT(ARMY PERSON WILL BE PREFERRED BY THE MANAGEMENT) |
| 2 | ASSOCIATE PROFESSOR | MBA | Ph.D WITH 5 YEARS EXPERIENCE |
| 3 | ASSOCIATE PROFESSOR | POLYTECHNIC | M.Tech, Ph.D IN ANY STREAM |

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**संतकबीरगर।** छह दिन पूर्व मेंहदावल क्षेत्र की किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी 31 अक्तूबर को किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# अब प्रत्येक थाने पर बनेगा विवेचना कक्ष और हॉस्टल

*थानों पर विवेचना कक्ष नहीं है। शासन की पहल पर अब थानों पर विवेचना कक्ष बनाया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों के लिए दो मंजिला हॉस्टल बनेगा। शासन की इस पहल से पुलिस कर्मियों के रहने की समस्याएं दूर होगी। इसके लिए पुलिस मुख्यालय के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजवा दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही बजट स्वीकृत हो जाएगा। उसके बाद कार्यदाई संस्था तेजी के साथ कार्य कराएंगी।*

– **सोनम कुमार**, एसपी

**संतकबीरनगर।** थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों के रहने की समस्याएं दूर होगी। अब उन्हें किराए पर कमरा ढूंढने की समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद जग गई है। इसके लिए प्रत्येक थानों पर हॉस्टल बनाया जाएगा। इसके साथ ही अलग से विवेचना कक्ष का निर्माण होगा। ऐसा निर्णय शासन ने लिया है। कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से प्रस्ताव तैयार करा एसपी के माध्यम से पुलिस मुख्यालय लखनऊ भेजवा दिया गया है।

जिले में कुल नौ थाने है। प्रत्येक थानों पर एसओ, एसआई समेत करीब 100 की संख्या में पुलिस कर्मी तैनात है। सबसे बड़ी समस्या पुलिस कर्मियों के समक्ष आवास की है। इसमें महिला पुलिस कर्मियों को खास परेशानी है। थानों पर बैरक की क्षमता कम है। जिसकी वजह से अधिकांश पुलिस कर्मियों को प्राइवेट कमरा ढूंढना पड़ता है। इसमें परेशानी तब बढ़ जाती है।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# पुराने विवाद में महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गेंड़सर निवासिनी रानी देवी का आरोप है कि पूर्व विवाद को लेकर गांव के ही बदलू, संजू पत्नी बदलू व सलोनी पुत्री बदलू ने अभद्रता करते हुए उसकी पिटाई कर दी है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# नशे के सौदागरों को सजा

**गोण्डा, विधि संवाददाता।** अपर सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव ने नशे के सौदागर को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक के अनुसार प्रकरण थाना परसपुर के अंतर्गत मदवना राजा पुर गांव निवासी राधे उर्फ राधेश्याम के विरुद्ध पुलिस ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सायकिल से जा रहा था और पुलिस गश्त में निकली थी। जिसे देखकर वह भागने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से अल्प्राजोलम नशे की गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने मद्द निषेध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोषी करार देते हुए आरोपी को दो वर्ष की सजा व साढ़े बाइस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# पुलिस ने कसा शिकंजा चौराहे पर पुलिस की ड्यूटी

खोड़ारे। थाना क्षेत्र के केशव नगर ग्रंट में अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिस की ड्यूटी शुरू होते ही कारोबारियों में खलबली मच गयी है।

थाना क्षेत्र का केशव नगर ग्रांट पश्चमी कैदराबाद हरैया गौरा चौकी मार्ग देर शाम तक सूना हो जाने के कारण अवैध शराब से लेकर अन्य अवैध पदार्थो की तस्करी का मुख्य रास्ता बन जाता है। इस पर नियंत्रण के लिए यहां देर शाम चार बजे से रात दस बजे तक दो जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया क्षेत्र में कहीं भी कोई अवैध कार्य नहीं होने दिया जाएगा तथा पकडे जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रेतवागाड़ा के पास हुए हादसे में केस

धानेपुर। रेतवागाड़ा के पास बाइक की ठोकर से एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति घायल हो गया। उपचार कराने के बाद शनिवार को तहरीर दी गई है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवगाड़ा की रहने वाले संतोष कुमार के मुताबिक उनके पिता रामनिवास मिश्रा बीते दो नवंबर को गोंडा उतरौला मुख्य मार्ग पर रेतवागाड़ा गांव के निकट सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दिया था।

# गला रेतने के मामले में दहेज हत्या का केस

मेहनौन, संवाददाता। इटियाथोक थाना क्षेत्र की एक महिला की गला रेतने और घायल अवस्था में शुक्रवार को मौत हो जाने के मामले में मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पति समेत चार लोगों को नामजद किया गया है।

वहीं इस मामले में महिला व उसके पति का एक आडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस सम्बन्ध में एसओ इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मायके वालों का यह है आरोप :** महिला के भाई ने आरोप लगाया है कि पांच वर्ष पूर्व मेरी बहन की शादी की थी। पति व पत्नी के बीच कई बार दहेज को लेकर कहासुनी और मारपीट हुआ करती थी। हाल ही में ससुरालीजनों की तरफ से गाड़ी और नगदी की डिमांड की गई थी।

## दो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे

महिला व उसके पति के दो ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आडियो में पति के बाहर के शहर से बात करने की पुष्टि होती है। वहीं पति-पत्नी में एक दूसरे नजदीकी रिश्तेदार से सम्बन्ध होने की भी बात हो रही है। यही नहीं आडियो में पति की मां द्वारा दोनों को समझाने का भी प्रयास किया जाता है।

# मादक पदार्थ रखने पर दो वर्ष का सश्रम कारावास

**जासं, गोंडा :** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव यादव ने परसपुर के राजापुर निवासी राधे उर्फ राधेश्याम को मादक पदार्थ व नशीली गोली रखने के मामले में दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके इलावा 22 हजार 500 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ल के मुताबिक 20 अगस्त 2020 को उमरीबेगमगंज पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान डिकसिर तिराहे से राधे को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान उसके पास से नशेली गोली बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ने मामले में सजा सुनाई।

# कर्नलगंज नपाप अध्यक्ष के पति पर धोखाधड़ी का मुकदमा

## अधिशासी अधिकारी ने अभिलेखों में हेराफेरी व आइटी एक्ट के तहत कोतवाली में कराया मुकदमा

**संसू, कर्नलगंज (गोंडा)** : सरकारी मशीनरी व तंत्र का प्रयोग करके मतदाता सूची में नाम घटाने व बढ़वाने के मामले में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रजिया खातून के पति शमीम अच्छन के खिलाफ धोखाधड़ी व आइटी एक्ट के तहत एफआइआर कराई गई है। ये कार्रवाई तीन सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर हुई है।

शुक्रवार की रात करीब नौ बजे एसडीएम हीरालाल, कोतवाल सुधीर कुमार सिंह के साथ राजस्व व पुलिस कर्मी नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के कार्यालय पहुंचे। यहां अलग-अलग कक्ष में रात दो बजे तक छापेमारी हुई। गड़बड़ी की आशंका पर लेखा अनुभाग, कंप्यूटर कक्ष व नगरपालिका अध्यक्ष का कक्ष सील कर दिया गया है। साथ ही उसकी निगरानी के लिए पुलिस का पहरा भी लगा दिया गया है।






कर्नलगंज कोतवाली में जांच कर रिपोर्ट तैयार करते अधिशाषी अधिकारी प्रियंका मिश्रा, नायब तहसीलदार अनीस सिंह व अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शुक्ल और कक्ष सील कराते उपजिलाधिकारी हीरालाल • जागरण

अधिशाषी अधिकारी (ईओ) प्रियंका मिश्रा का कहना है कि उनकी जानकारी में उक्त कार्य नहीं हो रहा था। उन्होंने एसडीएम को लिखित पत्र देकर अवगत भी कराया है। छापेमारी की सूचना पर लोगों की भीड़ जुटी रही। मामले की जांच तीन सदस्यीय कमेटी से कराई गई। एसडीएम ने कहा कि तीन सदस्यीय टीम की जांच के दौरान पाया गया कि नगरपालिका अध्यक्ष के पति शमीम अच्छन सरकारी मशीनरी व तंत्र का प्रयोग कर मतदाता सूची में परिवर्धन, अपमार्जन व संशोधन का कार्य करा रहे थे। अधिशाषी अधिकारी ने धोखाधड़ी व आइटी एक्ट के तहत मुकदमा कराया है।

**पालिका अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर दिन में पड़ा था छापा** : नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिष्ठान भारत टावर पर शुक्रवार की शाम को भी तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने छापेमारी की थी। इस दौरान कोई साक्ष्य न मिलने का दावा जांच टीम ने किया था।

**सत्तापक्ष के दवाब में मेरा हो रहा उत्पीड़न**: पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष के पति शमीम अच्छन का कहना है कि शासन-सत्ता का दुरुपयोग कर परेशान किया जा रहा है। मतदाताओं की आनलाइन फीडिंग हो रही थी। कोई ऐसा कार्य नहीं हो रहा था, जो गलत हो। सिर्फ बदनाम करने की साजिश है। कहा कि आफलाइन से अधिक पारदर्शिता आनलाइन मतदाता फीडिंग में है। पूर्व चेयरमैन ने कहा कि सत्तापक्ष के झूठे आरोप से उनका मनोबल गिराने व जनता को भयभीत करने का कुचक्र रचा जा रहा है। सत्ता पक्ष के दबाव में एसडीएम ने अध्यक्ष के कक्ष को सील कर दिया, जो गलत है। वह आगामी चुनाव में प्रत्याशी के साथ ही समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी हैं। इसलिए मेरा उत्पीड़न करने के साथ ही छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चकमार्ग से हटवाया अवैध कब्जा

रूपईडीह (गोंडा)। गोंडा-बहराइच मार्ग पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के खिरौरा मोहन गांव में राजमार्ग के किनारे दो लट्ठे के चकमार्ग पर अवैध कब्जा किया गया था। उपजिलाधिकारी सदर विनोद कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, और अवैध कब्जे को हटवा दिया। जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन का रास्ता साफ हो गया है। (संवाद)

# दस दिन बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

परसपुर (गोंडा)। एक व्यक्ति के घर से नकद व लाखों रुपयों के सोना-चांदी के जेवर चोरी मामले में पुलिस ने घटना के दस दिनों बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना ग्राम गजसिंहपुर सुक्खापुरवा की है। यहां के निवासी संजय तिवारी ने बताया कि 27 अक्तूबर की रात चोर उसके घर के सहन दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस आए। उसके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। बक्से का ताला तोड़कर 32 हजार रुपया नकदी, सोने का हार, सोने का टीका, जोड़ी सोने की झुमकी, करधन व पाजेब चुरा ले गए।

पीड़ित का कहना है कि 28 अक्तूबर को ही उन्होंने थाने में तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। शनिवार को उसे थाने बुलाकर तहरीर ली गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि पड़ताल की जा रही थी। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# नशीली गोली का कारोबार करने वाले को दो साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने उमरीबेगमगंज थाने में दो साल पूर्व दर्ज कराए गए मामले में नशीली गोली रखने और उसका कारोबार करने के दोषी को दो साल सश्रम कारावास और 22, 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शनिवार को विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एकृट अनुपम शुक्ला ने बताया कि उमरीबेगमगंज थाने की पुलिस ने 20 अगस्त 2020 को राधे उर्फ राधेश्याम पासी निवासी मदवना साकिन राजापुर थाना उमरीबेगमगंज को नशीली गोली के साथ अकौनी रोड से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने नशीली गोली बेचने की बात कही थी। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी राधे उर्फ राधेश्याम पासी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने अपराध साबित होने पर अभियुक्त राधे उर्फ राधेश्याम पासी को दोषसिद्ध किया। मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने अभियुक्त राधे उर्फ राधेश्याम पासी को अवैध रुप से नशीली गोली रखने व उसका कारोबार करने के अपराध में दो साल सश्रम कारावास और 22,500 जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# तरबगंज में तीन अधिकारी नदारद, मांगा जवाब

**गोंडा।** जिलें में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चारों तहसीलों में हुआ। जिलाधिकारी ने सदर तहसील में शिकायतों को सुना, कई मामलों का निस्तारण किया। तहसील सदर में जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना। तहसील सदर में कुल 115 ने मामले की सुनवाई। वहीं तरबगंज में तहसील दिवस से गैर हाजिर रहे तीन अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की हुई सुनवाई

उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। मनकापुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम राजेश सोनी ने किया। इस मौके पर 120 जन शिकायतें आईं।

तरबगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक अभियंता सिंचाई, सहायक अभियंता सरयू नहर खंड तीन, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नवाबगंज गैरहाजिर थे। वहीं 55 शिकायतें मिलीं। एसडीएम शत्रुहन पाठन ने बताया कि गैर हाजिर अधिकारियों से जवाब तलब किया गया है। (संवाद)

# तीन पर मारपीट का केस

**वजीरगंज(गोंडा)।** गेंड़सर निवासिनी रानी देवी ने पूर्व विवाद को लेकर गांव के ही बदलू, संजू पत्नी बदलू व सलोनी पुत्री बदलू निवासी ग्राम उपरोक्त के विरुद्ध मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, 11 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मोतीगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के पिपरा भिटौरा के मजरे रमवापुर श्याम गांव में शनिवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मोतीगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में पीड़ित रघुराज शुक्ल ने आरोप लगाया कि गांव के ही देवप्रकाश, सूर्यप्रकाश, चंद्रप्रकाश, आकाश, नीतू, माधुरी, वा पांच अन्य अज्ञात लोग उसकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे।

मना करने पर सभी लोग उसे मारने पीटने लगे वह घर के अंदर भागा तो सभी उसके घर में घुस आए और राजेश्वरी 50, राजकुमारी 48 व सत्यम 20 को भी मारापीटा और तोड़फोड़ की। थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि रघुराज की तहरीर पर देवप्रकाश, सूर्यप्रकाश, चंदप्रकाश, आकाश, नीतू, माधुरी समेत पांच अन्य के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## महिला समेत दो को पीटा, पांच पर मुकदमा दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में भूमि विवाद की रंजिश को लेकर एक महिला सहित दो लोगों की पिटाई कर दी गई। दोनों पक्षों की तरफ से एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**पहली घटना** ग्राम बहुवन मदार मांझा, बमबम पुरवा की है यहां के निवासी रामपाल यादव ने बताया कि भूमि कब्जेदारी के विवाद में गांव के ही कुछ लोग घर चढ़कर अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा से पिटाई कर दी। रामपाल यादव की तहरीर पर रिखई यादव, छोटू यादव, बालकराम यादव व लखराजी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

**दूसरी घटना** ग्राम पूरे लाली, उधुमगंज की है यहां की निवासिनी सरोज पांडेय पत्नी अशोक पांडेय ने बताया कि भूमि विवाद की रंजिश को लेकर गांव के रामसुरेश पांडेय उससे अभद्रता कर पिटाई कर दी। शोर करने पर लोगों ने बीच-बचाव कराया। सरोज पांडेय की तहरीर पर रामसुरेश पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक एसके सरोज ने बताया कि दोनों प्रकरणों में एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। (संवाद)

# गैरइरादतन हत्या के प्रयास में सगे भाइयों की अर्जी खारिज

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नासिर अहमद ने वजीरगंज थाना क्षेत्र में गैरइरादतन हत्या के प्रयास के मामले में शनिवार को आरोपी दो सगे भाइयों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मनमोहन मिश्र ने बताया कि राहुल श्रीवास्तव ने थाना वजीरगंज में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 15 दिसंबर 2021 सुबह आठ बजे जमीन विवाद को लेकर अरविंद मौर्या व अनिल मौर्या पुत्र जलाई मौर्या, राम प्रसाद मौर्या, दिलीप मौर्या निवासी ग्राम मझगांव लालपुरवा थाना वजीरगंज ने मिलकर उसके चचेरे भाई पंकज श्रीवास्तव, नीरज, लल्लू लाल व प्रेम कुमार श्रीवास्तव को अपशब्द कहते हुए लाठी, डंडा व धारदार हथियार से मारा। उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहुल श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र की सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य, परिस्थितियों एवं अपराध की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट नासिर अहमद ने आरोपी अभियुक्त अरविंद मौर्या व अनिल मौर्या का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या का केस

**इटियाथोक (गोंडा)।** विवाहिता की मौत के मामले में पति सहित चार के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरिया के मजरा अमारे भरिया में 2 नवंबर की रात विजय भारती (21) पत्नी विक्रम की संदिग्ध हालात में धारदार हथियार से गला रेतने का मामला प्रकाश में आया था। शहर के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार शाम उसने दम तोड़ दिया। शनिवार को भाई संतोष कुमार ने पति विक्रम, सास संवारी देवी, जेठ व जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या किए जाने की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# रॉड से हमला कर दो लोगों से बाइक लूटी

## उत्पात



भवानी प्रसाद मिश्र



गौरव मिश्र

- ग्रामीणों को देख फरार हुए बदमाश
- दोनों घायलों का इलाज संयुक्त जिला चिकित्सालय में चल रहा

बलरामपुर, संवाददाता। कोतवाली देहात क्षेत्र लुचुइया व विथरिया परसपुर गांव में शुक्रवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। हमलावर लोहे के रॉड से हमला कर बाइक छीन ले गए। दूसरी घटना हार्डवेयर कारोबारी के साथ हुई। यहां पर भी कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों का संयुक्त जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

शुक्रवार रात नौ बजे के करीब जमुनहा निवासी गौरव मिश्र अपनी बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। रास्ते में लुचुइया पुल के पास पीछे से आ रहे पल्सर बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बदहवास होकर गौरव जमीन पर गिर गए। इसके बाद बदमाश उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। घायल गौरव को अस्पताल पहुंचाया गया। रतनपुर निवासी भवानी प्रसाद मिश्र जो जुआथान चौराहे पर निर्माण सामग्री का करोबार करते हैं। वह नौ बजे के करीब घर लौट रहे थे। भवानी प्रसाद पर विथरिया पसरपुर गांव के पास पल्सर बाइक सवार तीनों बदमाशों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोटें आने के कारण भवानी घायल हो गए। शोर मचने पर स्थानीय ग्रामीण व राहगीर इकट्ठा हो गए। दोनों घायलों का इलाज संयुक्त जिला चिकित्सालय में चल रहा है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, जिसकी छानबीन की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

बलरामपुर। जिला जज लल्लू सिंह ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावाश, सास व ससुर को सात-सात साल कारावाश के साथ दण्डित किया है। दोषियों को 50 हजार रुपए जुर्माना भी देना होगा। अर्थदंड न अदा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि थाना तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम मधनगरी निवासी इसमाइल ने प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि उसकी बहन खुशबुन्निशा का निकाह 26 नवंबर 2017 को नफीस पुत्र अबू तालिब निवासी राजा बनकटवा थाना हरैंया के साथ हुआ था। लड़की पक्ष की ओर से दिए गए उपहार एवं जेवरात से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे।

# 114 शिकायतों में से 16 का निस्तारण किया गया

## समाधान दिवस

बलरामपुर, संवाददाता। किसान अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए भटक रहे हैं। आईजीआरएस पोर्टल सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों पर सैकड़ों की संख्या में किसान शिकायत कर चुके हैं। पीएम किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायतें आ रही हैं। शनिवार को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि विभाग की अधिक शिकायतें आने पर डीएम डा.महेन्द्र कुमार ने नाराजगी जताई। उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि कैम्प लगाकर समस्याओं का समाधान कराया जाए।

शनिवार को जिले के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। डीएम डा.महेन्द्र कुमार ने उतरौला तहसील में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। वहां कृषि सम्बन्धी शिकायतें काफी संख्या में आने पर डीएम ने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया गया कि गांवों में कैम्प लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाए। जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, आदि मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा न होने दें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे।

एसपी राजेश सक्सेना ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण समय से करें। यहां पर कुल 38 शिकायतें आई, जिसमें चार का निस्तारण किया गया।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार किया

बलरामपुर। थाना गैसड़ी पुलिस ने बहला-फुसलाकर पीड़िता को भगाने के मामले में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। यह जानकारी देते हुए उप निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि कांस्टेबल राज कुमार, संतराम, विपिन कुमार सिंह ने वारंटी अभियुक्त बबलू उर्फ मंगनू पुत्र छेदी यादव को गिरफ्तार किया है।

# हेल्पलाइन नम्बरों पर महिलाएं शिकायत करें

बलरामपुर। एंटी रोमियो टीम मनचलों पर कार्रवाई करें। महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम व्यापक अभियान चलाए। यह बातें मिशन जागरूकता अभियान में क्षेत्राधिकारी सिटी दरवेश कुमार ने कही। सीओ एमएलके डिग्री कॉलेज में जागरूकता अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्राएं बिल्कुल न डरें। पुलिस उनके साथ हर कदम पर है। महिला हेल्प डेस्क पर पीड़िता प्रार्थना पत्र दें, पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने कहा कि वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना देकर पुलिस व स्वास्थ्य की सुविधाएं ली जा सकती हैं। हेल्पलाइन नंबर पर सूचना मिलते ही पुलिस एक्टिव होकर कार्रवाई करती है।

# जीवन अमूल्य है, इसे व्यर्थ सड़कों पर न गवाएं: ज्योति

बलरामपुर। अपने अमूल्य जीवन को दुर्घटना में नष्ट होने से बचाएं। आपका जीवन अमूल्य है। इसे व्यर्थ सड़कों पर न गवाएं। यह बातें क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री ने यातायात जागरूकता अभियान में कही।

यातायात पुलिस टीम शनिवार को नगर के कई क्षेत्र में जागरूकता अभियान चला रही थी। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग बैनर पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक कर रही है। सभी लोग सड़क नियमों का पालन करें। नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। यातायात प्रभारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं।

# लूट का आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा :** ललिया थाना की पुलिस ने सकरी पांडेय पुरवा गांव में सहजराम यादव के घर में लूट करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपित सतनाम यादव के पास लूट के 6500 रुपये भी बरामद किए गए हैं। (संसू)

# राष्ट्रीय लोक अदालत 12 नवंबर को

**बलरामपुर** : नवीन दीवानी न्यायालय परिसर में 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, बैंक, सिविल वाद, भूमि अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक वाद समेत अन्य वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते से किया जाएगा। (संसू)

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

**बलरामपुर।** जिला जज लल्लू सिंह ने दहेज हत्या के मामले में शनिवार को दोषी पति को आजीवन कारावास व सास-ससुर को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों पर 75-75 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) कुलदीप सिंह ने बताया कि तुलसीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मध्यनगरी निवासी इस्माइल ने पांच जुलाई 2021 को हरैया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि उसने अपनी बेटी खुशदुल निशा की शादी 26 नवंबर 2017 को मोहम्मद नफीस से की थी। शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। आरोप लगाया कि पति नफीस, सास मैमुना, ससुर अब्बु तालिफ व अन्य परिजनों ने दहेज न मिलने के कारण खुशदुल निशा को मार डाला। पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने जांच में पति, सास व ससुर को दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न का प्रथमदृष्टया आरोपी मानते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

**सास-ससुर को सात वर्ष का सश्रम कारावास**

**तीनों पर 75-75 हजार रुपये लगाया अर्थदंड**

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला जज लल्लू सिंह ने पति मोहम्मद नफीस, सास मैमुना व ससुर अब्बु तालिब को दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न का दोषी माना। जिला जज ने पति मोहम्मद नफीस को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सास मैमुना व ससुर अब्बु तालिब को सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों पर 75-75 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। (संवाद)

# कैंप लगाकर समस्याओं का कराएं समाधान



उतरौला में समाधान दिवस में सुनवाई करते डीएम महेंद्र कुमार व अन्य। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## संपूर्ण समाधान दिवस में 114 शिकायतों में से 16 का निस्तारण

**बलरामपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें कृषि विभाग की रहीं। अब गांव-गांव कैंप लगाकर समस्याओं का समाधान कराने की जिम्मेदारी उप कृषि निदेशक को सौंपी गई है। वहीं, सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों का निस्तारण स्वयं की निगरानी में कराने को कहा गया है।

शनिवार को उतरौला तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार ने अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करने को कहा। जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चक मार्ग के मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर विवाद सुनिश्चित करें कि सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण न होने पाएं। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने थाना प्रभारियों को जन शिकायतों की सुनवाई प्रभावी तरीके से करने को कहा। कृषि व चकमार्ग से संबंधित 38 शिकायतों में से 4 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बलरामपुर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम राजेंद्र कुमार ने जन शिकायतों की सुनवाई की। यहां पर 43 में से छह शिकायतों का निस्तारण हुआ। वहीं, तुलसीपुर में एडीएम राम अभिलाष, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। कुल 33 शिकायतों में से छह का निस्तारण किया गया।

**नाराज वकीलों ने सौंपा ज्ञापन :** उतरौला के एसडीएम और तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने शनिवार को डीएम से मुलाकात की। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा ने बताया कि तहसील का मुख्य गेट खोलने, सादुल्लाह नगर के मध्य बस चलवाने आदि की मांग की गई है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

हिन्दुस्तान

# 35.5 करोड़ के घोटाले की जांच करेंगे प्रमुख सचिव

**भ्रष्टाचार**

- आरएनएन के पांच प्रोजेक्ट मैनेजर, जेई समेत 32 फर्मों पर दर्ज है मुकदमा, तीन जेल में
- डिप्टी सीएम के संज्ञान पर भ्रष्टाचार की जांच शुरू

बहराइच, संवाददाता। मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण में 32.5 करोड़ रुपये का वारा न्यारा किया गया था। इस मामले में निर्माण इकाई के पांच प्रोजेक्ट मैनेजर व 32 फर्मों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। तीन लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। कोरोना काल में सीधे मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से पांच करोड़ के उपकरण खरीदे गए हैं। कई उपकरण सिर्फ कागजों में आए हैं। उपकरण व भवन निर्माण में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार की जांच रविवार को प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार के नेतृत्व में टीम करेगी।

वैश्विक महामारी कोरोना काल में संक्रमितों की जिंदगी बचाने के लिए शासन ने जरूरी उपकरणों की खरीद के लिए मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को अधिकृत किया था। पारदर्शी तरीके से खरीद के लिए सीनियर प्रोफेसर को प्रोक्योरमेंट अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए गए थे। कॉलेज प्रशासन ने शासनादेशों की अनदेखी कर जूनियर चिकित्सक को प्रोक्योरमेंट का प्रभारी तो बनाया ही सरकारी धन हड़पने के लिए जैम पोर्टल पर कई टुकड़ों में बाजार से महंगे दामों पर घटिया उपकरण खरीदे गए। 25 फीसदी उपकरण सिर्फ कागजों में ही मंगाए गए हैं। कोरोना काल के दौरान खरीदे गए उपकरणों के अभिलेख व खरीद संस्था की ऑडिट कराई गई तो कई लोग बेनकाब होंगे। हालांकि सात माह बाद विभागीय आडिट में गलत तरीके व भुगतान का मामला सामने आ चुका है।

संयुक्त सचिव अमित कुमार की ओर से जवाब तलब भी किया गया था, लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इससे पहले कॉलेज भवन निर्माण में कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम ने निजी फर्मों के मटेरियल आपूर्ति के नाम पर 32.5 करोड़ का घोटाला किया था। इस मामले में पांच प्रोजेक्ट मैनेजर व जेई के अलावा 32 फर्मों पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज है। दो प्रोजेक्ट मैनेजर व जेई जेल पहुंच चुके हैं। दो फरार चल रहे हैं, जबकि फर्मों को मामला कोर्ट में विचाराधीन हैं। अब जब डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने संज्ञान लेकर प्रमुख सचिव को जांच के लिए भेजा है, तो कॉलेज प्रबंधन में हड़कंप की स्थिति है।

## डीएम की जांच बन सकती है फांस

बहराइच। दवाओं के खरीद में अनियमितता पर 20 अगस्त को डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने प्रशासनिक टीम से जांच कराई थी। जांच में 1049.75 रुपये एमआरपी के मेरोट्रॉल इंजेक्शन को स्कैच से काटा ही नहीं गया था, बल्कि स्ट्रिप पर नॉट फार सेल की मुहर भी नहीं पाई गई थी। 162 रुपये एमआरपी के टेबलेट पर भी यही पाया गया था। टीम ने गरीबों की जिंदगी बचाने के लिए खरीदे गए महंगे इंजेक्शन व टेबलेट के दुरुपयोग का जांच में उल्लेख भी किया है। डीएम ने जांच रिपोर्ट शासन को भी भेजी थी। अब प्रमुख सचिव के जांच में यह रिपोर्ट जिम्मेदार अधिकारियों के गले की फांस बन सकती है।

## 80 लाख में खरीदे दो तरह के उपकरण

बहराइच। डेडीकेटेड वार्ड के लिए 300 ऑक्सीजन सिलिंडर, 25 पारा मल्टी मॉनीटर खरीदे गए हैं। इन उपकरणों की खरीद पर 80 लाख रुपये कंपनी को प्रक्योरमेंट अधिकारी ने अवमुक्त किए हैं। खरीद से जुड़े दस्तावेज भी संयुक्त सचिव ने रिपोर्ट के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## फर्जी मेटेरियल आपूर्ति में फंसी 22 फर्में

बहराइच। कॉलेज भवन निर्माण में फर्जी मेटेरियल आपूर्ति में फंसी 32 में 22 फर्म बहराइच की भी शामिल हैं। जिन पर मुकदमा दर्ज है। हालांकि अभी तक इन कंपनियों पर नकेल नहीं कसा गया है। प्रमुख सचिव के भवन निर्माण की जांच के बाद यह मामला गति पकड़ेगा।

हिन्दुस्तान

# दहेज उत्पीड़न मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह थाने की पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में नामजद महिला सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। दरगाह थाने में तैनात दरोगा इंद्रजीत यादव, मुख्य सिपाही संजय गिरी, महिला सिपाही प्रियंका गुप्ता, स्नेहा द्विवेदी ने नूरुद्दीन चक में दबिश दी।

हिन्दुस्तान

# यातायात माह के दौरान बच्चों को दिलाई शपथ

बहराइच, संवाददाता। सुरक्षित यातायात व दुर्घटनाओं पर अंकुश को यातायात पुलिस की ओर से चलाए जा रहे यातायात माह के पांचवे दिन शहर व ग्रामीण इलाकों में विभिन्न आयोजन हुए।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर शहर में एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ सिटी व यातायात डॉ. जंग बहादुर यादव के नेतृत्व में यातायात प्रभारी जेपी सिंह ने जागरूकता अभियान चलाया।

नानपारा/ बलहा संवाद के अनुसार नानपारा के श्री शंकर इंटर कालेज में शनिवार को बच्चों सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी के बीच

- सुरक्षित यातायात को नियमों के पालन का महत्व बताया
- बच्चों को दी जिम्मेदारी, अभिभावकों को नियमों के पालन को मनाएं

यातायात प्रभारी नानपारा और मिहींपुरवा सर्किल के सीओ धर्मवीर ने नियमों के पालन को लेकर शपथ दिलाई गई।

यातायात प्रभारी धर्मवीर ने बच्चों को हेलमेट लगाकर बाइक चलाने और इसकी उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला। उम्र सीमा के हिसाब से बाइक चलाने, कभी भी वाहन गति सीमा से अधिक व कंट्रोल से बाहर न चलाने की जानकारी देते हुए ऐसे लोगों से सावधान रहने की बात कही। जो नियमों की अनदेखी करते हुए छोटे से बड़े वाहन चलाते हों, उन्हें सीट बेल्ट बांधने, जुर्माने से सम्बन्धित जानकारी के अलावा हमेशा सजगता से नियम पालन करने का आह्वान किया।

इस दौरान दुर्घटना से बचने के उपाय भी बताए गए। जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी यातायात की टीम के अलावा, भारी संख्या में बच्चे, प्रिंसिपल अनुराग श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

हिन्दुस्

# अपहृत किशोरी बरामद अपहरण का केस दर्ज

बहराइच, संवाददाता। एक किशोरी का आठ दिन पूर्व रात में अपहरण कर बंधक बना लिया गया था। तीन दिन बाद किशोरी को गांव के ही एक घर से बरामद कर पुलिस ने महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकोलीगल कराकर कोर्ट में बयान दर्ज कराया था। इस मामले की तहकीकात सीओ नानपारा कर रहे हैं।

बलहा संवाद के अनुसार नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासिनी 19 वर्षीय दलित किशोरी 28 अक्तूबर की रात में लघु शंका को घर से निकली थी। गांव के ही एक युवक ने उसका अपहरण कर अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया था। किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। 30 अक्तूबर की रात पुलिस की मदद से गांव के एक घर से उसे बरामद किया गया। महिला सिपाहियों की अभिरक्षा में उसे मेडिकोलीगल कराया गया। उसके बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया गया। पीड़िता को वन स्टाप सेंटर पर रखा गया है। नानपारा कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा कर रहे हैं।

# अभ्युदय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



इंदिरा स्टेडियम में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी ● जागरण

**जासं, बहराइच** : एकल अभियान के तहत शनिवार को इंदिरागांधी स्टेडियम में अभ्युदय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ, सीतापुर और लखीमपुर सहित 16 जिलों के विजेता बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, कबड्डी और कुश्ती जैसी प्रतियोगिताएं हुई। एकल अभियान के आयोजक मंडल में अशोक कुमार मातनहेलिया सहित विभिन्न लोगों ने मुख्य अतिथि डीएम डा. दिनेश चंद्र तथा विशिष्ट अतिथि एसपी केशव प्रसाद चौधरी को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

डीएम ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह गांव-गांव में छिपी प्रतिभाओं को निखार रहा है। संपूर्ण देश के एक लाख गांवों से एकल विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जो नई पीढ़ी को पूरे समर्पण भाव से शिक्षित व सुसंस्कृत कर रहे हैं।

## बेहतर प्रदर्शन पर छात्र छात्राओं का सम्मान

**जासं, बहराइच** : मिशन हास्पिटल परिसर में संचालित मार्निंग स्टार एकेडमी का वार्षिक उत्सव समारोह शनिवार को आयोजित हुआ। छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन पर सम्मानित किया गया। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ बच्चों का उत्साह वर्धन कर पुरस्कार का वितरण किया। प्रबंधक फ्रैंक रासमन ने विधायक व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खो-खो, क्रिकेट, टूर्नामेंट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

# 'फरियादी निस्तारण से हों संतुष्ट, ऐसी करें कार्रवाई'

## संपूर्ण समाधान दिवस में 423 प्रार्थना पत्र आए 40 का मौके पर निस्तारण

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : छह तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 423 प्रार्थना पत्र आए, इसमें 40 का निस्तारण मौके पर किया गया।

तहसील नानपारा में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, उप जिला अधिकारी अजित परेरा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय व अन्य अधिकारियों ने तमाम आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का जल्द निस्तारण करना मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है।

समस्याओं के निस्तारण में इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाए कि कार्रवाई से फरियादी भी संतुष्ट दिखें।



नानपारा तहसील मे पीड़ितो की समस्याए सुनते जिलाधिकारी डा.दिनेशचंद्र और एसपी केशव कुमार चौधरी • जागरण

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसके सिंह, डीडीओ महेंद्र पांडे, पीडी पीएन यादव, तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

अन्य तहसीलों में एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में समाधान दिवस हुआ। तहसील नानपारा में स्वास्थ्य कैंप तथा बाल विकास, समाज कल्याण, पूर्ति, प्रोबेशन, दिव्यांग सहित अन्य विभागों के लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का डीएम व एसपी ने निरीक्षण किया। बाल विकास के स्टाल के निरीक्षण के दौरान प्रभा, हसीना, संगीता, नाजनी, संगीता, अफसर जहां, नैन्सी व काजल की गोद भराई तथा शिवा व फरमान अली को अन्न प्राशन्न भी कराया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर भी मौजूद रहे।

| तहसील | प्रार्थना पत्र | निस्तारित |
|---|---|---|
| नानपारा | 84 | 11 |
| तहसील सदर | 57 | 03 |
| महसी | 22 | 04 |
| पयागपुर | 151 | 13 |
| कैसरगंज | 66 | 07 |
| मिहीपुरवा | 43 | 02 |

**पढ़ें अपने जिले की अन्य खबरें**
www.jagran.com/
state/uttar-pradesh पर

# यातायात के नियम बताए

**विशेश्वरगंज :** थाना प्रभारी श्यामदेव चौधरी ने पुलिस कर्मियों के साथ श्रीनंद इंटर कालेज पहुंच कट्टा में यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया। स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर उपनिरीक्षक रुद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। (संस)

# 32 साल से फरार 15 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जासं, बहराइच** : पुलिस को चकमा देकर 32 साल से फरार चल रहे चंदौली के रहने वाले इनामी अपराधी को दरगाह पुलिस ने शनिवार को झिंगहाघाट से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधी के खिलाफ हत्या कर शव छिपाने का मुकदमा दर्ज है। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि चंदौली जिले के बबुरी थाना क्षेत्र के करेमुआ भैंसाही निवासी प्रभुनाथ सिंह कुशवाहा के खिलाफ 1990 में दरगाह थाने में हत्या कर शव को छिपाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपित की तलाश में पुलिस टीम लगातार छापामारी कर रही थी। 32 साल से वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। शनिवार को उसके झिंगहाघाट बस स्टैंड के पास मौजूद होने की सूचना मिली। इस पर उपनिरीक्षक नितिन उपध्याय, दीवान असलम आदि की टीम बनाकर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। वांछित इनामी अपराधी को घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। एसओ ने बताया कि आरोपित को न्यायालय भेजा गया है।



दरगाह पुलिस अभिरक्षा में पकड़ा गया 15 हजार का इनामी ● जागरण

अमर उजाला my city बहराइच
रविवार • 06.11.2022

# 383 फरियादियों को आश्वासन का झुनझुना

## संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 40 शिकायतों का हो सका निस्तारण



सभी अधिकारी गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें

**शिकायतों व निस्तारण पर एक नजर**

| तहसील | शिकायतें | निस्तारण |
|---|---|---|
| नानपारा | 84 | 11 |
| सदर | 57 | 03 |
| महसी | 22 | 04 |
| पयागपुर | 131 | 13 |
| कैसरगंज | 64 | 07 |
| मोतीपुर | 43 | 02 |

## उगाही का आरोप लगा ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-11-2022

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शुक्रवार शाम पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 143 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

**श्रावस्ती।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 143 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 79 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# सुलह समझौते पर साथ रहने को राजी हुए दम्पति

**श्रावस्ती।** शनिवार को पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 15 फाइलें सुनवाई को मिलीं। इसमें से एक दम्पति में सुलह समझौता कराकर परिवार को टूटने से बचाया गया।

# महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें: डीएम

## समाधान दिवस

- इकौना में 89 शिकायतों में तीन का निस्तारण
- जमुनहा में 60 में से पांच को मिला समाधान

श्रावस्ती, संवाददाता। तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का शनिवार को आयोजन किया गया। इसमें डीएम ने लोगों की शिकायतें सुनी और समाधान का आश्वासन दिया गया।

इकौना तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत डीएम नेहा प्रकाश ने सुनीं। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में जनता दर्शन में आयी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें और उनका तुरन्त मौके पर जाकर उसका समाधान करे। समाधान दिवस में आई शिकायतों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुनें तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी की ओर से किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इकौना में कुल 89 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से तीन मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का समय सीमा के तहत निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। इसी तरह जमुनहा में कुल प्राप्त 60 शिकायतों के सापेक्ष पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील भिनगा में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही तीन का निस्तारण किया गया।

# साथ रहने को राजी हुए दंपति

**श्रावस्ती :** पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इसमें 15 फाइलें सुनवाई के लिए प्राप्त हुईं। आपसी वैचारिक मतभेद भुलाकर सुलह समझौते से भिनगा क्षेत्र के गोड़पुरवा निवासी राधा देवी अपने पति संग्रामगंज निवासी अनिल आर्य के साथ रहने को राजी हुईं।( वि.)

## यातायात माह के तहत वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**श्रावस्ती** : यातायात माह के तहत यातायात प्रभारी मनीष पांडेय ने टीम साथ सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों के पीछे रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाया। भिनगा नगर, सिरसिया बाजार व चिल्हरिया मोड़ पर आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।( वि.)

## 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती** : मल्हीपुर पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रजपुतिया निवासी बरसाती को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।( वि.)

ज्वे

## शांतिभंग में सात पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपितों पर कार्रवाई की गई। दो दिन में विभिन्न थाना क्षेत्र में सात व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया।( वि.)

## 143 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 143 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 1,79,500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।( वि.)

# 177 शिकायतों में सिर्फ 11 का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम बोलीं धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 177 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ 11 का निस्तारण किया जा सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने इकौना तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। डीएम कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराएं। भिनगा में एडीएम डीपी सिंह व जमुनहा में एसडीएम सौरभ शुक्ल ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।



इकौना तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( बाएं ) ● जागरण

**प्राप्त शिकायत व निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायतें | निस्तारित |
|---|---|---|
| इकौना | 89 | 03 |
| भिनगा | 28 | 03 |
| जमुनहा | 60 | 05 |
| कुल | 177 | 11 |

# 177 मामले आए, निपटे सिर्फ 11

**श्रावस्ती।** जिले में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस औपचारिकता बनता जा रहा है। यहां आने वाले दस प्रतिशत फरियादियों को भी त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही शनिवार को भी हुआ। तीनों तहसीलों में 177 मामले आए जबकि 11 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। इकौना में डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य की उपस्थिति में आयोजित तहसील दिवस में 89 प्रार्थना पत्र आए। इसमें से मौके पर मात्र तीन शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका। वहीं, जमुनहा में एडीएम डीपी सिंह के समक्ष आईं 60 शिकायतों में से पांच का ही निस्तारण हुआ। भिनगा में एसडीएम प्रवेंद्र कुमार की उपस्थिति में 28 शिकायतें आईं। इनमें से मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। (संवाद)

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शुक्रवार रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रजपुतिया निवासी बरसाती के रूप में हुई। उसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

# 143 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस की ओर से शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 143 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही 179500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

# साथ रहने को राजी हुए दंपती

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में बैठक आयोजित हुई। इसमें परिवार परामर्श केंद्र व महिला सहायता प्रकोष्ठ के अधिकारी व सदस्यों ने दंपतियों के बीच मनमुटाव दूर करने का प्रयास किया। एक दंपती साथ रहने को राजी हुए। (संवाद)

## 300 किलो प्रतिबंधित थाई मांगूर मछली बरामद



**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने साइफन पुल के पास से एक पिकप से करीब 300 किलोग्राम प्रतिबंधित थाई मांगूर मछली बरामद की। इस दौरान पुलिस ने बहराइच के थाना नानपारा के भेलौरा निवासी कुलीम अहमद व नूर मोहम्मद व मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इंदवा निवासी बारिस खान को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)

## शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया। संवाद